विधान सभा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

# Legislative Assembly

## National Capital Territory of Delhi

प्रश्नों की सूची

# LIST OF QUESTIONS

मंगलवार, 04 जनवरी, 2022 / 14 पौष, 1943 (शक)

**Tuesday, the 4th January, 2022 / 14 Pausha, 1943 (Saka)**

तारांकित प्रश्न : 21 — 40

अतारांकित प्रश्न : 83 — 196

**Starred Questions : 21-40**

**Unstarred Questions : 83-196**

# विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मौखिक उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

मंगलवार, 04 जनवरी, 2022 / 14 पौष, 1943 (शक)

**कुल प्रश्न : 21-40**

**21. श्री भूपिंदर सिंह जून** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गाँव रंगपुरी और शाहबाद मोहम्मदपुर में सीवर लाइन बिछाने हेतु एसपीएस निर्माण किए जाने का क्या कोई प्रस्ताव है;

ख) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है;

ग) क्या उक्त उद्देश्य से संबंधित विभाग की ओर भू–स्वामित्व विभाग से भूमि आवंटन हेतु कोई अनुरोध किया गया है;

घ) क्या महिपालपुर और कापसहेड़ा गाँवों में सीवर व्यवस्था पूरी तरह से चालू हो गई है;

ङ) क्या बिजवासन गाँव में सीवर डालने का कार्य पूरा हो चुका है;

च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

छ) राजनगर–II, पालम कॉलोनी में सीवर के काम की गुणवत्ता को जाँचने के लिए इसका निरीक्षण किसी थर्ड पार्टी द्वारा कराया जा चुका है; और

ज) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

**22. श्री विजेंद्र गुप्ता** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि स्कूल के अध्यापकों को लॉकडाउन अवधि के दौरान राशन वितरण के काम में तैनात किया गया था;

ख) क्या अध्यापकों को इस प्रकार गैर–शिक्षा संबंधी कार्यों में लगाया जाना उचित है;



# LEGISLATIVE ASSEMBLY

## National Capital Territory of Delhi
## List of Questions for ORAL ANSWERS

Tuesday, the 4th January, 2022 / 14 Pausha, 1943 (Saka)

**Total No. of Questions: 21-40**

**21 Shri Bhupinder Singh Joon** **Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether there is any proposal for constructing SPS to lay down sewer lines at Villages Ranguri and Shahbad Mohammadpur of Bijwasan Assembly Constituency;

b) The details thereof

c) Whether any request has been made for allotment of land to the land owning agency by the concerned department for the said purpose;

d) Whether the sewer system in village Mahipalpur and Kapashera has been fully commissioned;

e) Whether the work of laying sewer lines in village Bijwasan has been completed;

f) If not, reasons for the same;

g) Whether any third party inspection of the sewerage work in Raj Nagar-II Palam Colony has been conducted to check the quality of the said work;

h) If so, the details of the findings?

**22 Shri Vijender Gupta** **Food and Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Whether it is a fact that government school teachers were deployed for distribution of ration during lockdown;

b) Whether it is appropriate to deploy teachers to such non-teaching activities;

ग) यदि हाँ, तो वे कौन–से वैधानिक प्रावधान हैं, जो इसकी अनुमति देते हैं;

घ) क्या यह उचित था कि अध्यापकों को तीन महीने बाद राशन की खाली बोरी को वापस करने के लिए कहा गया;

ङ) क्या अध्यापकों ने कोरोना–वारियर के रूप में भी कार्य किया था और राहत उपलब्ध कराने में वे अग्रिम पंक्ति में थे;

च) यदि हाँ, तो क्या जिन अध्यापकों की मृत्यु कोरोना के कारण हुई उनके परिजनों को भी एक करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति राशि तथा करुणामूलक आधार पर नौकरी दी गई; और

छ) इसका पूर्ण विवरण उपब्ध कराएँ?

**23. सुश्री भावना गौड़ शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पालम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जलाशयों (जोहड़) का विवरण, उनकी स्थिति और क्षेत्र क्या है;

ख) क्या यह सत्य है कि इन्हें दिल्ली विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया गया है;

ग) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण इनके रखरखाव के लिए जिम्मेदार है और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

घ) क्या यह सत्य है कि भू–माफिया ने ऐसे अनेक जलाशयों पर अतिक्रमण कर लिया है;

ङ) यदि हाँ, तो इसका विवरण क्या है;

च) क्या यह भी सत्य है कि इन स्थानों पर बिल्डर्स द्वारा अनधिकृत निर्माण कार्य किए जा रहे हैं; और

छ) यदि हाँ, तो इन्हें रोकने और इनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उत्तरदायी विभाग कौन–सा है?

**24. श्री विशेष रवि खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) माननीय मंत्री/आयुक्त को श्रीमती सरला देवी के आवेदन को एफएसओ द्वारा रद्द किए जाने और रिश्वत माँगे जाने के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 116411 दिनांक 18.11.2020 पर की गई कार्रवाई का विवरण क्या है;



c) If so, the statutory provisions which allow such deployment;

d) Whether it was appropriate that the teachers were asked to return the empty sacks of ration after three months;

e) Whether these Teachers had also worked as corona warriors and were in the forefront to provide relief;

f) If so, were the families of the teachers who had died due to corona also provided monetary compensation of Rupees One Crore and compassionate appointment; and

g) The details thereof?

**23 Ms. Bhawna Gaur Urban Development**

Will the Minister of Urban Development be pleased to state:

a) The details of water bodies (johar) in Palam Assembly constituency, their location and area;

b) Whether it is a fact these were transferred to DDA;

c) Whether DDA is responsible for its maintenance and their present status;

d) Whether it is a fact that land mafia has encroached on many such water bodies;

e) If so, the details thereof

f) Whether it is also a fact that unauthorized building activities are being carried out on these areas by builders;and

g) If so, the agency responsible for preventing and taking action against such activities?

**24 Shri Vishesh Ravi Food and Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state;

a) Details of action taken on my letter no.116411 dated 18.11.2020 to the Hon'ble Minister/ Commissioner regarding action against FSO for rejecting application of Ms. Sarla Devi and asking for bribe;

ख) आयुक्त को एसी–23 करोलबाग क्षेत्र में पिछले बचे हुए राशनकार्ड आवेदनों के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 115774 दिनांक 28.09.2020 पर की गई कार्रवाई का विवरण क्या है; और

ग) पहले अस्वीकृत कर दिए गए/रद्द कर दिए गए राशनकार्ड आवेदनों पर पुनर्विचार करने तथा करोलबाग विधानसभा क्षेत्र में लंबित राशनकार्ड आवेदनों का विवरण प्रदान किए जाने के संबंध में मेरे पत्र दिनांक 09.11.2021 पर की गई कार्रवाई का विवरण क्या है?

**25. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस — डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) नेहरू एकता कैंप बस्ती विकास केंद्र में आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक खोले जाने के संबंध में जिसे पहले एक निश्क्रिय संगठन ने लिया हुआ था के बारे में मेरे लिखे पत्र पर की गई कार्रवाई का विवरण क्या है;

ख) क्या अपने परिसरों का बस्ती विकास केंद्र आदि के द्वारा इस्तेमाल किए जाने पर समीक्षा करने हेतु विभाग का कोई तंत्र है;

ग) यदि है, तो उसका विवरण प्रदान करें, और

घ) नेहरू एकता कैंप बस्ती विकास केंद्र को कब तक खाली करा लिया जाएगा और इस परिसर को आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक खोलने हेतु उपलब्ध करा दिया जाएगा?

**26. श्री महेंद्र गोयल — महिला एवं बाल विकास**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) विधवाओं के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याण योजनाओं का विवरण;

ख) रिठाला विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2015 के बाद से विधवाओं की पुत्रियों के विवाह के लिए दी गई धनराशि का विवरण;

ग) वर्ष 2015 के बाद से रिठाला विधानसभा क्षेत्र में दी गई विधवा पेंशन का वर्षवार विवरण;

घ) क्या यह सत्य है कि आशा कार्यकर्ताओं को दिया जाने वाला



b) Details of action taken on my letter no.115774 dated 28.09.2020 to the Commissioner regarding backlog of ration card applications from AC 23 Karol Bagh; and

c) Details of action taken on my letter dated 09.11.2021 regarding reconsideration of the previously rejected/ cancelled ration card applications and providing details of pending ration card applications pertaining to Karol Bagh constituency?

**25 Smt. Parmila Dhiraj Tokas — DUSIB**

Will the Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Details of action taken on my letter regarding opening of Aam Aadmi Mohalla Clinic in Nehru Ekta Camp Basti Vikas Kendra which was earlier occupied by an inactive organisation;

b) Does the department have any mechanism to review the engagement of their premises such as BastiVikasKendras;

c) If so, the details thereof; and

d) By when will the Nehru Ekta Camp BastiVikas Kendra be vacated and handed over for opening of the AamAadmiMohalla Clinic?

**26 Shri Mohinder Goyal — Women & Child Development**

Will the Minister of Social Welfare be pleased to state:

a) The details of welfare schemes run by the Department for widows;

b) Details of financial assistance granted for marriage expenses of widow's daughter since 2015 in Rithala Assembly Constituency?

c) Year wise details of widow pension being disbursed in the Rithala Constituency since 2015;

d) Whether it is a fact that the honorarium being paid to

मानदेय दिल्ली में दुगना कर दिया गया है; और

ङ) रिठाला विधानसभा क्षेत्र में आँगनवाड़ी कार्यकताओं/अध्यापिकाओं का विवरण दें?

**27. श्रीमती बंदना कुमारी** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि यदि व्यक्ति लगातार दो या तीन बार राशन न ले तो राशनकार्ड को रद्द कर दिया जाता है;

ख) क्या ऐसा किया जाना उन व्यक्तियों के प्रति अन्याय नहीं है जो किसी आपात् स्थिति या अपरिहार्य कारणों से राशन नहीं ले पाते;

ग) क्या यह भी सत्य है कि ऐसे व्यक्तियों को पुनः नया कार्ड बनावाने के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

घ) क्या यह भी सत्य है कि जब नए कार्ड के लिए आवेदन किया जाता है तो पहले वाले कार्ड की स्थिति को 'सक्रिय' दिखाया गया होता है, जिसके कारण बहुत समस्याएँ होती हैं;

ङ) क्या यह भी सत्य है कि वर्ष 2014 में रद्द किए गए कार्ड के लिए अभी भी 'पहले ही आवेदन किया जा चुका है' दिखाया जा रहा है, जिससे लोगों को बहुत कठिनाई हो रही है;

च) नया कार्ड जारी करने सहित इन सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

छ) शालीमार विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय राशनकार्डों का विस्तृत विवरण;

ज) शालीमार विधानसभा क्षेत्र में गत एक वर्ष में रद्द किए गए राशनकार्डों का विवरण; और

झ) इन्हें रद्द किए जाने के कारण क्या हैं?



ASHA workers has been doubled in Delhi; and

e) Details of Anganwadi workers / teachers in Rithala Constituency?

**27 Smt. Bandana Kumari** **Food and Supplies**

Will the Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the ration cards are cancelled if the person fails to draw the ration for two or three times;

b) Is this not injustice against the people who could not draw the ration due to emergency or unavoidable reasons;

c) Whether it is also a fact that these people have to face a lot of inconveniences and delay to get a new card;

d) Whether it is also a fact that when they apply for a new card the existing card is shown as 'active' which causes a lot of problem;

e) Whether it is also a fact that cards cancelled in 2014 are still shown as 'already applied' causing a lot of problems to the people;

f) What steps are being taken to smoothen these processes including the process for issuing new cards;

g) Details of active ration cards of various categories in Shalimar Bagh constituency;

h) Details of rations cards cancelled in the past one year in Shalimar Bagh constituency; and

i) The reasons for the same?

**28. श्री सौरभ भारद्वाज** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में प्रवेश स्थलों पर टोल टेक्स व ईसीसी वसूल किए जाने की नीति का संपूर्ण विवरण क्या है;

ख) दिनांक 1 अप्रेल 2013 से 31 अगस्त, 2021 तक की अवधि के लिए टोलटेक्स व ईसीसी के रूप में वसूल किए गए राजस्व का विवरण जिसमें इसे एकत्रित करने वाली एजेंसी या वेंडर का नाम, अब तक वसूल न पाने वाली या वेंडर के पास लंबित राशि, कोर्ट केस या पंचनिर्णय के मामलों की जानकारी भी हो;

ग) विभिन्न टोल प्रवेश स्थलों का विस्तृत विवरण तथा क्या वे किसी वेंडर/एजेंसी को आवंटित कर दिए गए हैं या नहीं, यदि कर दिए गए हैं तो एजेंसी का नाम व संपर्क विवरण और यदि नहीं किए गए हैं, तो क्यों नहीं किए गए;

घ) दिनांक 1 अप्रेल 2013 से 31 अगस्त, 2021 तक की अवधि के दौरान उत्पन्न राजस्व का विवरण जिसके साथ लाइसेंस टोल/ईसीसी प्रदान किए जाने की अवधि, लाइसेंसधारी वेंडर या एजेंसी का नाम, कुल उत्पन्न राजस्व, एजेंसी/वेंडर के पास लंबित धनराशि, एजेंसी/वेंडर को दी गई कटौती या छूट, विवाद या कोर्ट केस के विवरण की जानकारी भी हो;

ङ) दिनांक 1 अप्रेल 2013 से 31 अगस्त, 2021 तक की अवधि के लिए टोलटेक्स और ईसीसी के रूप में अनुमानित और वसूल की गई वास्तविक राजस्व राशि का विवरण जिसमें अनुबंध की अवधि, वेंडर/एजेंसी का नाम व पता, व लंबित राशि, यदि कोई हो, की जानकारी भी दी गई हो;

च) टोलटेक्स और ईसीसी एकत्रित किए जाने हेतु मैसर्स एमईपी इनफ्रास्ट्रक्चर के साथ किए गए अनुबंध का विवरण जिसमें संपर्क का पता, अनुबंध की अवधि, अनुबंध के अनुसार अनुमानित राजस्व और वास्तव में वसूल किया गया राजस्व, दिल्ली सरकार को हस्तांतरित ईसीसी राशि तथा यदि कोई लंबित राशि हो तो उस सबका विवरण भी हो;



**28 Shri Saurabh Bharadwaj** **Urban Development**

Will the Minister of Urban Development be pleased to state:

a) The complete policy for collection of toll tax and ECC at the entry points of delhi;

b) The year wise details of the revenue collected in the form of Toll Tax and ECC along with the name of the vendor/agency responsible for collecting it, amount which is still not recovered or pending with the vendor/agency, court cases or arbitration matters pending for the period 01.04.2013 to 31.08.2021;

c) The details of the description of various Toll Entry Points,alongwith the details whether they have been allotted to any vendor/agency, if allotted the contact details of the vendor/agency and if not allotted the reasons for the same for the period 01.04.2013 to 31.08.2021;

d) The details of the revenue generated during the period 01.04.2013 to 31.08.2021 alongwith the period of granting License Toll/ECC, Name of the Vendor or agency who held the license, revenue generated, amount pending with the agency/vendor, discount or waiver given to the agency/ vendor, details of dispute or court case if any;

e) The year wise detail w.e.f. 01.04.2013 to 31.08.2021 of the revenue expected as against the actual revenue collected in terms of toll tax and ECC alongwith the details of the period when the contract was in force, name and address of the vendor/agency, revenue expected, revenue actually collected and pending amount if any;

f) The details of contract entered with M/s MEP Infrastructure Developer Ltd.,for collection of toll tax and ECC along with their contact address, period of contract, revenue expected as per contract, revenue actually collected, ECC amount transferred to Delhi government and pending amount if any;

छ) टोलटेक्स और ईसीसी एकत्रित किए जाने हेतु मैसर्स सहकार ग्लोबल लि0–जेवी के साथ किए गए अनुबंध का विवरण जिसमें संपर्क का पता, अनुबंध की अवधि, अनुबंध के अनुसार अनुमानित राजस्व और वास्तव में वसूल किया गया राजस्व, दिल्ली सरकार को हस्तांतरित ईसीसी राशि तथा यदि कोई लंबित राशि हो तो उस सबका विवरण भी हो; और

ज) 1 जनवरी 2011 से 30 नवंबर 2021 की अवधि के दौरान विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के दिल्ली में प्रवेश करने संबंधी आँकड़े/जानकारी, चाहे वह जानकारी एमसीडी/परिवहन विभाग/वेंडर/एजेंसी या किसी अन्य पार्टी द्वारा एकत्रित की गई हो?

**29. श्री रघुविंदर शौकीन — खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) नांगलोई विधानसभा क्षेत्र में जारी कुल राशनकार्डों का विवरण व कुल लाभार्थियों की संख्या;

ख) अपात्र कार्ड धारकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण; और

ग) राशनकार्ड धारकों के सत्यापन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**30. श्री रामवीर सिंह विधूड़ी — आबकारी**

क्या माननीय उपमुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) नई आबकारी नीति के अंतर्गत दिल्ली में खोली गई शराब की दुकानों की संख्या क्या है;

ख) जहाँ ये दुकानें खोली गई हैं या जहाँ इन्हें खोले जाना प्रस्तावित है, उन स्थानों का विवरण;

ग) क्या यह सत्य है कि नई आबकारी नीति के अंतर्गत शराब की दुकानों को नॉन कनफर्मिंग क्षेत्रों, मिक्स्ड लैंडयूज़ क्षेत्रों और आवासीय क्षेत्रों में भी खोलने की अनुमति है; और

घ) क्या यह भी सत्य है कि मास्टर प्लान के अनुसार शराब की दुकानें केवल वाणिज्यिक संपत्तियों में ही खोली जा सकती हैं?



g) The details of contract entered with M/s Sahakar Global Ltd-JV Ltd., for collection of toll tax and ECC along with their contact address, period of contract, revenue expected as per contract, revenue actually collected, ECC amount transferred to Delhi government and pending amount if any; and

h) Details of data/information relating to vehicles under various categories that entered Delhi during the period 01 January 2011 to 30 November 2021 whether information collected by MCD/Transport Department/ Vendor/ Agency or third party?

**29 Shri Raghuvinder Shokeen — Food and Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) The details of ration cards issued in Nangloi Constituency and total number of beneficiaries;

b) The details of action taken against ineligible card holders; and

c) The steps being taken for verification of ration card holders?

**30 Shri Ramvir Singh Bidhuri — Excise**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) The number of liquor shops opened in delhi under the new Excise policy;

b) Details of the location where these shops have opened and where they are propsed to be opened;

c) Whether it is a fact that under the new excise policy liquor shops have been allowed in non-confirming areas, mixed land use areas and residential areas;

d) Whether it is also a fact that as per the Master Plan liquor shops can be opened only in commercial properties?

**31. श्री विनय मिश्रा** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि म्युनिसिपल चीफ ऑडीटर ने पैरा 10.1.6. में "नॉन–मैंटेनेंस ऑफ डेटा बेस ऑफ ऑल दि म्युनिसिपल प्रोपर्टीज़/म्युनिसिपल क्वार्टर्स" के अंतर्गत अनेक कमियों को रेखांकित किया है;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) दिनांक 1 जनवरी से 30 अक्टूबर 2021 के दौरान वसूल किए गए किराए (पूरे या आंशिक) का वर्षवार विवरण, जिसके साथ संपत्ति, वह आवासीय है या वाणिज्यिक, लंबित राशि (पूरी) तथा लंबित (आंशिक) राशि की जानकारी भी दी गई हो;

घ) दिनांक 1 जनवरी से 30 अक्टूबर 2021 के दौरान म्युनिसिपल आवासों और वाणिज्यिक संपत्तियों से वसूल किए गए डेमेज चार्जेज, का विवरण, जिसके साथ डेमेज प्रॉपर्टी, आवासीय अथवा वाणिज्यिक है व वसूल एवं लंबित राशि की जानकारी भी हो;

ङ) अनधिकृत रूप से रखी गई संपत्तियों का विवरण, जिसके साथ संपत्ति का प्रकार, वार्ड नंबर, नाम, उन्हें रखे जाने की अवधि व उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी भी दी गई हो;

च) अनधिकृत रूप से रखी गई संपत्ति पर नज़र रखने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों का विवरण;

छ) एसडीएमसी/ईडीएमसी/नार्थडीएमसी के क्षेत्राधिकार में हुए अतिक्रमण का ज़ोनवार विवरण जिसमें वार्ड का नाम और उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा भी हो;

ज) अतिक्रमण पर नजर रखने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों का विवरण;

झ) दिनांक 1 जनवरी से 30 अक्टूबर 2021 के दौरान वाणिज्यिक संपत्तियों से वसूल तथा लंबित लाइसेंस फीस का वर्षवार विवरण, जिसके साथ संपत्त्यिों का विवरण, वसूल राशि व लंबित राशि की जानकारी भी दी गई हो;

ञ) लंबित राशि को वसूल न कर पाने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों का विवरण; और



**31 Shri Vinay Mishra** **Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Municipal Chief Auditor has highlighted shortcomings in Para 10.1.6 "non-maintenance of data base of all the municipal properties/ municipal quarters';

b) If so, the reasons for the same;

c) Year wise details of the pending rent collection (both fully or partially) for the period 01.01.2015 to 30.10.2021 alongwith the details of the property, whether residential or commercial, amount pending collection (fully) amount pending collection (partially);

d) Year wise details of damage charges collected from municipal accommodation and commercial properties from 01.01.2015 to 30.10.2021 alongwith the details of the damaged property, whether residential or commercial or others, amount collected, amount pending;

e) Details of unauthorized retention of municipal accommodations alongwith the details of the property type, ward number and name, since when retained unauthorisedly, action taken if any;

f) Details of the officers who were responsible checking these unauthorized retention;

g) Zone wise details of encroachment in SDMC/ EDMC/ NDMC along with details of the ward number and name, the action taken if any;

h) Details of the officers who were responsible for checking these encroachments;

i) Year wise details of licence fee recovered and pending from commercial properties since 01.01.2015 to 30.10.2021 alongwith the details of the properties, amount recovered, and amount pending;

j) Details of the officers who were responsible for non-recovery of pending dues; and

ट) 1 जनवरी, 2015 से 31 अक्टूबर 2021 के दौरान म्युनिसिपल आवास/वाणिज्यिक संपत्तियों को आवंटित करने हेतु जारी की गई माँग का वर्षवार विवरण, जिसके साथ जारी की गई माँग वाले मामलों की संख्या, आवंटित संपत्तियों की संख्या व लंबित माँग–आवंटन की जानकारी भी हो?

**32. श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों — महिला एवं बाल विकास**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि विधवा पेंशन व अन्य पेंशन सुविधाओं का वितरण बैंक खातों के माध्यम से किया जा रहा है जो आधार से संबद्ध हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि बैंक की औपचारिकताओं के कारण पेंशन प्राप्त करने में काफी विलंब हो जाता है; और

ग) यदि हाँ, तो पेंशन वितरण व्यवस्था को ठीक करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि लाभार्थियों तक पेंशन भीघ्रातिशीघ्र पहुँच सके?

**33. श्री धर्मपाल लाकड़ा — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि नए कनेक्शनों पर 200 वर्गमीटर से अधिक के भूखंडों के लिए दिल्ली जलबोर्ड इनफ्रास्ट्रक्चर शुल्क वसूल करता है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि मुंडका विधानसभा क्षेत्र में लोगों ने अपने घरों का निर्माण अपनी खुली कृषि भूमि पर किया है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि खुली कृषि भूमि पर होने के कारण मकान छोटे होने के बावजूद उनसे इनफ्रास्ट्रक्चर शुल्क देने के लिए कहा जा रहा है, जबकि वह भूमि उनके खेत ही हैं, भू–खंड नहीं हैं;

घ) क्या इस संबंध में सरकार अपनी इस नीति पर पुनर्विचार करने जा रही है, ताकि गाँव के व्यक्तियों को भारी भरकम इनफ्रास्ट्रक्चर शुल्क न देना पड़े;



k) The year wise details w.e.f. 01.01.2015 to 30.10.2021 of the demand raised for allocation of municipal accommodation/ commercial properties along with the details of the number of demand raised, number of properties allocated, and number of demand pending allocation?

**32 Smt. Raj Kumari Dhillon — Women & Child Development**

Will the Hon'ble Minister of Social Welfare be pleased to state:

a) whether it is a fact that the widow and other pension facilities are being disbursed through the bank accounts which are linked with Aadhar;

b) whether it is also a fact that there is considerable delay in receiving the pension due to the bank formalities; and

c) if so, the steps being taken to streamline the entire process of pension disbursement so that the beneficiaries receive the amount at the earliest?

**33 Shri Dharampal Lakra — Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state;

a) Whether it is a fact that DJB charges infrastructure charges for new water connections in plots measuring more than 200 Sq. Metres;

b) Whether it is also a fact that in the Mundka Constituency people have constructed houses on their open agricultural fields;

c) Whether it is also a fact that in spite of the house being smaller they are asked to pay the infrastructure charges because of the open area which are actually their fields and not plots;

d) Whether the government has any proposal to review their policy in this regard so that these people in the villages are not burdened with this heavy infrastructure charge;

ङ) यदि हाँ, तो उसका विवरण, और

च) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

**34. श्री पवन शर्मा** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या जहाँगीरपुरी ए1 मार्केट में खाली भूखंड पर किसी शापिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण का कोई प्रस्ताव है;

ख) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें;

ग) क्या डीयूएसआईबी के खाली भूखंडों के चारों ओर चारदीवारी बनाने का कोई प्रस्ताव है;

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें;

ङ) क्या यह सत्य है कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में डीयूएसआईबी की भूमि पर अतिक्रमण है; और

च) तो इस अतिक्रमण को रोकने व हटाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

छ) क्या इस अतिक्रमण को हटाने के लिए कोई स्पेशल टास्क फोर्स बनाई गई है या कोई विशेष अभियन चलाने की योजना है।

ज) यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें?

**35. श्री अभय वर्मा** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) लक्ष्मीनगर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों का विवरण दें;

ख) इन आवेदनों पर की गई कार्रवाई की वर्तमान स्थिति क्या है;

ग) इन परियोजनाओं के संबंधित विभागों को धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी;

घ) अब तक यह धनराशि जारी न किए जाने के क्या कारण हैं;

ङ) मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए कुल कितना बजट आवंटित हुआ है;



e) If yes, the details thereof; and

f) If not, the reasons thereof?

**34 Shri Pawan Sharma** **DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether there is any proposal to construct a shopping complex in the vacant plot in Jahangirpuri A1 Market;

b) If so, the details thereof;

c) Whether there is any proposal to construct boundary wall around the vacant plots of DUSIB;

d) If so, the details thereof;

e) Whether it is a fact that there are encroachments on DUSIB land in the Adarsh Nagar Constituency;

f) Steps being taken to remove and prevent encroachments;

g) Whether any special task force has been constituted or eviction drive proposed to remove these encroachments; and

h) If so, the details thereof?

**35 Shri AbhayVerma** **Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Details of applications received for construction of roads under the Mukhya Mantri Sadak Yojana in the Laxmi Nagar Constituency;

b) Status of the action taken on these applications;

c) By when will be the funds released to the concerned departments for these projects;

d) If not released the reasons for the same;

e) The total budget provided for the MukhyaMantriSadakYojana;

च) इस योजना के अंतर्गत खर्च की गई राशि का परियोजनावार विवरण क्या है, और

छ) इस योजना के अंतर्गत धनराशि चिह्नित किए जाने की पूरी प्रक्रिया क्या है?

**36. श्री हाजी यूनुस** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) एसडीएमसी/एनडीएमसी/ईडीएमसी की 2017–2018 की ऑडिट रिपोर्ट में उल्लिखित के अनुसार 2017–18 के बाद से काम को बाहरी एजेंसियों को आउटसोर्स किए जाने के संबंध में प्रगति–रिपोर्ट उपलब्ध कराएँ;

ख) म्युनिसिपल फंड की दिनांक 31.10.2021 तक की स्थिति क्या है;

ग) क्या डीएमसी (मेंटेनेंस ऑफ एकाउंट्स) रेगुलेशन 1959 के रेगुलेशंस 6 व 16 के अनुसार लेखा विभाग द्वारा मासिक लेखा–खाते तैयार करके चीफ ऑडीटर को प्रस्तुत किए जा रहे हैं;

घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

ङ) मैसर्स दास गुप्ता एसोशिएट्स को अनुबंधित किए जाने का क्या कारण है;

च) वे कौन–सी योजनाएँ हैं जिनके अंतर्गत ऑडिट रिपोर्ट 2017–18 के अनुसार धनराशियों के उपयोग को निर्धारित नहीं किया जा सकता;

छ) माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद वर्श 2017–18 के बाद से एकाउटिंग के डबल एंट्री सिस्टम को लागू न किए जाने के क्या कारण हैं;

ज) क्या पेंशन सेल नियमित रूप से पेंशन वितरण स्क्रोल की जाँच कर रहा है;

झ) पेंशन के कम या ज्यादा वितरित कर दिए जाने की समस्या से निपटने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या है;

ञ) वर्श 2013–14 के बाद से पेंशन वितरण का मिलान न होने के क्या कारण हैं;



f) The project wise details of the amount spent under this scheme; and

g) The process and procedure for earmarking funds for the projects under this scheme?

**36 Shri Haji Yunus** **Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Progress report on outsourcing of work to outside agencies 2017-2018 onwards till date as mentioned in the 2017-2018 Audit Report of SDMC/NDMC/ EDMC;

b) Status of the Municipal Fund as on 31.10.2021

c) Whether monthly accounts are being prepared and submitted to the Chief Auditor by the Accounts Department as per the Regulations ,6 and 16 of DMC (Maintenance of Accounts) Regulation, 1959;

d) If not, the reasons thereof

e) Reasons for engaging CA Firm M/s. Das Gupta Associates;

f) Schemes under which the utilization of funds can't be ascertained, as per the Audit Report 2017-2018;

g) Reasons for not implementing or delay in implementing the double entry system of accounting from 2017-2018 onwards despite directions of the Hon'ble Supreme Court;

h) Whether the pension cell is regularly checking the pension disbursement scrolls;

i) The procedure adopted to deal with problems of under or over payment of pension disbursals;

j) Reasons for non-reconciliation of pension disbursement since 2013-2014;

ट) एसडीएमसी/ईडीएमसी/नार्थडीएमसी के निलंब लेखाओं (Escrow) की सूची व उनका विवरण; और

ठ) दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को समग्र वित्तीय विवरण की मौजूदा स्थिति का ब्यौरा क्या है?

**37. श्री रोहित मेहरौलिया — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि तीन मुख्य ड्रेन अर्थात शाहदरा ड्रेन, ग़ाज़ीपुर ड्रेन और कोंडली ट्रीटेड वॉटर ड्रेन कोडली विधानसभा क्षेत्र से गुज़रते हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि कोंडली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा शोधन किए जाने के बावजूद इन ड्रेन्स में हाइड्रजन सल्फाइड अनुमत मात्रा से अधिक है;

ग) क्या कोंडली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्धारक मानकों को पूरा करता है;

घ) क्या यह सत्य है कि सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार अधिक प्रदूषण वाले ऐसे ड्रेन आसपास के निवासियों के लिए घातक हैं; और

ङ) सरकार की ओर से इस संबंध में क्या कदम प्रस्तावित हैं ताकि जनता को इस समस्या से बचाया जा सके?

**38. श्री सोमनाथ भारती — कला एवं संस्कृति**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) वर्ष 2014 के बाद से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए खर्च की गई धनराशि का विवरण विधानसभा क्षेत्रवार तथा वर्षवार उपलब्ध कराएँ, जिसके साथ इन कार्यक्रमों का नाम, कलाकारों का नाम, पहले अनुमानित राशि और खर्च हुई वास्तविक राशि का विवरण भी दें;

ख) इस समय दिल्ली सरकार के अंतर्गत कितनी अकादमियाँ काम कर रही हैं, वे किस वर्ष में स्थापित हुईं, उनकी स्थापना किस प्राधिकार के अंतर्गत की गई; और



k) List of Escrow Accounts of SDMC/EDMC/NDMC and their details; and

l) Details of the current overall Financial Statement as on 31.10.2021?

**37 Shri Rohit Mehraulia — Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether it is a fact that three major drains viz., Shahdra Drain, Gazipur Drain and Kondli Treated Water drain pass through the Kondli Assembly constitueny;

b) Whether it is a fact that in spite of being treated by the Kondli Sewage Treatment Plant the Hydrogen Sulphide content in these drains is in excess of the permitted quantity;

c) Whether the Kondli Sewage Treatment Plant fulfills all the prescribed parameters;

d) Whether it is a fact that according to the Central Pollution Control Board such drains with high degree of pollution are extremely hazardous to the people living nearby; and

e) What steps does the Government propose to take in this regard so that the people are saved from this problem?

**38 Shri Somnath Bharti — Art & Culture**

Will the Hon'ble Dy. Chief Minister be pleased to state:

a) Year wise expenditure details organized by the department for functions in various assembly constituency since 2014 along with the name of the event, name of artists, date of the event, cost estimated and actual cost incurred;

b) Details of the various Academies functioning under the Delhi Government along with their year of establishment, authority under which it was established and addresses; and

ग) इन अकादमियों के सदस्यों/पदाधिकारियों/कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम व संपर्क विवरण, उनका बायोडेटा व उन्हें कार्यकारिणी में कब लिया गया, यह समस्त जानकारी उपलब्ध कराएँ?

**39. श्री प्रकाश जारवाल** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या एसडीएमसी, साउथ जोन के चिराग दिल्ली में मकान नंबर 470 व 546 स्वीकृत भवन योजना के अनुसार बनाए गए हैं;

ख) यदि हाँ, तो उनका विवरण दें;

ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

घ) क्या इन भवनों में कोई व्यावसायिक गतिविधि चलाई जा रही है;

ङ) यदि हाँ, तो क्या इसकी अनुमति है;

च) वर्ष 2012 के बाद से इन संपत्तियों के लिए दिए गए संपत्ति कर का विवरण दें;

छ) क्या इन भवनों ने किसी सार्वजनिक भूमि का अतिक्रमण किया है;

ज) इन संपत्तियों के सीमांकन का विवरण;

झ) क्या मकान नंबर 699 चिराग दिल्ली की खतरनाक भवन होने के संबंध में कोई जाँच हुई थी; और

ञ) इस भवन के मालिक, बिल्डर व आर्किटेक्ट के विवरण और उनके विरुद्ध अनधिकृत निर्माण और घटिया सामग्री आदि के प्रयोग के लिए की गई कार्रवाई का विवरण प्रदान करें?



c) Details of the members of these Academies/office bearers/ executive committee members along with their names, contact details ,bio data and the date since when they were appointed?

**39 Shri Prakash Jarwal** **Urban Development**

Will the Hon’ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether House No.470 and House No.546 in Chirag Delhi South Zone SDMC have been built as per the approved building plans;

b) If yes, the details;

c) If not, the action taken in this regard;

d) Whether any Commercial activity is being undertaken in these buildings;

e) If yes, whether it is permitted;

f) Details of the property taxes paid for these properties since 2012;

g) Whether these buildings have encroached on any public land;

h) Details of demarcation of these properties;

i) Whether enquiry was conducted for House No.699 Chirag Delhi being dangerous building; and

j) Details of action taken against the owners, builders and architects for unauthorized construction, use of substandard material etc. along with their particulars?

**40.** **श्री अनिल कुमार बाजपेयी** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) नई आबकारी नीति 2021–22 के अनुसार आज तक खोली गई शराब की दुकानों का विवरण;

ख) नई नीति के अनुसार शराब की दुकान खोलने के लिए क्या मानदंड, नियम व शर्तें हैं;

ग) इन दुकानों के स्वामित्व के संबंध में विवरण उपलब्ध कराएँ;

घ) उन दुकानों का विवरण दें जो स्कूलों या धार्मिक स्थलों के समीप खोली गई हैं;

ङ) ईस्ट आज़ाद नगर, गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में हाल में खोली गई दुकानों का विवरण क्या है; और

च) ये दुकानें स्कूलों व धार्मिक स्थलों से कितनी दूरी पर हैं?

**राज कुमार**

**सचिव**



**40** **Shri Anil Kumar Bajpai** **Excise**

Will the Hon'ble Dy. Chief Minister be pleased to state:

a) Details of liquor shops opened till date as per the new Excise Policy 2021-2022 ;

b) Criteria and terms and conditions for opening liquor shops as per the new policy;

c) Details of the ownership of these shops;

d) Details of the shops that are opened near schools or places of worship;

e) Details of the liquor shops opened in East Azad Nagar, Gandhi Nagar Constituency; and

f) How far these shops are from temple & schools?

**Raj Kumar**

**Secretary**

# विधान सभा

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## लिखित उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

मंगलवार, 04 जनवरी, 2022 / 14 पौष, 1943 (शक)

**कुल प्रश्न : 83-196**

**अतां 83 श्री प्रकाश जारवाल शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) तीनों नगर निगमों के राजस्व स्रोतों की जानकारी व वर्ष 2012 से 2021 के बीच उनकी वर्षवार वास्तविक वसूली का विवरण उपलब्ध कराएँ;

ख) वर्श 2012 से 2021 के बीच केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, दि.वि.प्रा. से प्राप्त धनराशि का वर्षवार व हेड अनुसार विवरण प्रदान करें इस संबंध में हुए पत्राचार की प्रतिलिपियाँ भी उपब्ध कराएँ;

ग) तीनों नगर निगमों के एकीकरण के संबंध में यदि कोई प्रक्रिया है, तो उसका विवरण और उससे संबंधित फाइल की प्रतिलिपि उपलब्ध कराएँ;

घ) क्या यह सत्य है कि होर्डिंग्स, टॉयलेट, स्ट्रीट फर्नीचर आदि के गैर–आवंटित स्थलों का उपयोग एक पार्टी के नेताओं, काउंसलरों व मेयरों द्वारा किया जा रहा है;और

ड.) यदि हां, तो क्या इस संबंध में एमसीडी द्वारा कोई प्राथमिकी दर्ज कराई गई है; व इन स्थलों से राजस्व की उगाही के लिए 2017 से 2021 के दौरान क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है?

**अतां 84 श्री प्रकाश जारवाल शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिनांक 1 जनवरी 2021 से 30 नवंबर, 2021 तक की अवधि के दौरान पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा एसडीएमसी को निर्माण–गतिविधियों से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, यदि हाँ तो ऐसी सभी शिकायतों का संपूर्ण ब्यौरा उपलब्ध कराएँ;

ख) एसडीएमसी, दक्षिणी ज़ोन के अंतर्गत एस–36 खिड़की एक्सटेंशन से संबंधित अनधिकृत निर्माण संबंधी संपूर्ण फाइल की प्रतिलिपि उपलब्ध कराएँ;

ग) क्या यह सत्य है कि खसरा नंबर 12 और खसरा नंबर 253, जिसे राजस्व रिकॉर्ड में डीडीए की भूमि बताया गया है, उस पर निजी इमारतें बन गई हैं;

घ) एसडीएमसी के साउथ ज़ोन के अंतर्गत चिराग दिल्ली में 300 वर्गगज के भूखंड पर अनधिकृत निर्माण के गिराने संबंधी विवरण उपलब्ध कराएँ साथ ही म.नं. 509 के सीमांकन की भी जानकारी देते हुए बताएँ कि क्या इसमें सरकारी भूमि पर अतिक्रमण भी हुआ है;

ङ) ऐसा ही विवरण मकान नंबर 664 के बारे में भी प्रदान करें जिसका निर्माण कुछ महीने पूर्व कोरोना लॉकडाउन की अवधि में हुआ था; और

च) खतरनाक ढाँचों को गिराने और नई इमारतों के निर्माण के संबंध में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएँ?

**अतां 85 श्री प्रकाश जारवाल शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिनांक 1 जनवरी 2012 से 30 नवंबर, 2021 तक की अवधि में सार्वजनिक/निजी स्थानों से कितने पशुओं को उठाया गया, उन्हें किस गौशाला में जमा कराया गया, कितना चालान एकत्रित किया गया व कितने लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, वर्षवार एवं वार्ड अनुसार विवरण उपलब्ध कराएं;

ख) दिनांक 1 जनवरी 2012 से 30 नवंबर, 2021 की अवधि के लिए सभी गोशालाओं का विवरण वहाँ भेजे गए पशुओं की संख्या, 30 नवंबर, 2021 को वहाँ मौजूद पशुओं की संख्या, वहाँ मरने वाले पशुओं/गायों की संख्या व मृत्यु का कारण सहित पूरा विवरण दें व यदि किन्हीं गोशालाओं पर कोई जांच की गई है, तो उसका भी विवरण प्रदान करें;

ग) दिनांक 1 जनवरी 2012 से 30 नवंबर, 2021 की अवधि के लिए



एसी–50 ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र से क्या कोई आवारा पशुओं की शिकायत प्राप्त हुई है, यदि हाँ तो उसका विवरण व इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा प्रदान करें;

घ) दिनांक 1 जनवरी 2012 से 30 नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान तीनों नगर निगमों ने कितने कुत्तों की नसबंदी की, पूरा विवरण व इस कार्य के लिए खर्च की गई धनराशि का विवरण दें;

ङ) वर्श 2012 से 2021 की अवधि के दौरान दिल्ली के सभी निजी व सरकारी(एमसीडी, दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार) अस्पतालों से कुत्तों के काटने के कितने मामले सामने आए हैं, वर्षवार विवरण दें; और

च) आवारा कुत्तों के काटने के मामलों में कमी लाने के लिए तीनों नगर निगमों की क्या नीति है, विवरण उपलब्ध कराएँ?

**अतां 86 श्री प्रकाश जारवाल शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि ग्रेटर कैलाश–1 में अतिक्रमण का समाचार दिनांक 4 जुलाई 2020 को समाचारपत्रों में व्यापक रूप से प्रकाशित हुआ था और उपायुक्त दक्षिणी ज़ोन ने उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया था;

ख) क्या यह भी सत्य है कि स्थानीय विधायक ने इस अतिक्रमण के बारे में समाचार में प्रकाशित होने से बहुत पहले सूचित किया था, परंतु लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की थी, यदि हाँ तो उसके कारण बताएँ व एतद्सबंधी संपूर्ण जानकारी प्रदान करें;

ग) क्या यह सत्य है कि एसडीएमसी के आयुक्त को स्थानीय विधायक द्वारा पत्रों और ईमेल के द्वारा सचेतकों (Whistle blower) को एसडीएमसी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत की थी, जो कि शॉप संख्या एम/29, जीके–1 को और जी–197 स्थित उसकी रसोई को विशेषरूप से निशाना बना रहे थे;

घ) अतिक्रमण के संबंध में सचेतकों के विरुद्ध मनमाने ढंग से

कार्रवाई करने के लिए क्या किसी के विरुद्ध कोई जाँच की गई, यदि नहीं तो क्यों नहीं और यदि हाँ, तो दस्तावेज उपलब्ध कराएँ;

ङ) संबंधित लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर की तैनाती, उनके विरुद्ध की गई शिकायतों व जाँच के संबंध में संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;

च) जीके–1 वार्ड के काउंसलर के विरुद्ध हाने वाली जाँच का विवरण उपब्ध कराएँ जिसके विरुद्ध स्थानीय विधायक द्वारा वीडियो प्रमाण उपलब्ध कराए गए थे; और

छ) यदि इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, तो क्यों?

**अतां 87 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि हरिनगर विधान सभा क्षेत्र में पीडब्लूडी की 29 सड़के आती हैं;

ख) यदि हॉ, तो क्या विभाग को इस बात की जानकारी है की इन 29 सड़कों में से काफी पीडब्लूडी रोड का नामकरण नहीं किया गया है;

ग) क्या यह सत्य है कि पीडब्लूडी की सड़कों का नामकरण स्टेट नेम अथार्टी(एस0एन0ए0) द्वारा किया जाता है;

घ) यदि हॉ, तो हरिनगर विधान सभा की काफी सड़कों का नामकरण नहीं होने के कारण लोगों को होने वाली समस्याओं के निवारण हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

ड.) गत वर्षों में हुई स्टेट नेम अथार्टी(एस0एन0ए0) की मीटिंग का विवरण प्रदान करें; और

च) हरिनगर विधान सभा की पीडब्ल्यूडी की सड़कों का नामकरण कब तक किया जाएगा एवं मेटल फॉर्जिंग चौक(फाइल नम्बर–एमएलए / एसी–28 / 21–22 / 106 ) का नाम कब तक बदला जायेगा?



**अता. 88 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सीएम स्ट्रीट लाइट परियोजना के तहत प्रत्येक विधानसभा को 3000 लाइट देने का प्रावधान है;

ख) यदि हां, तो क्या विभाग इस बात से अवगत है कि हरि नगर विधानसभा क्षेत्र में केवल 850 लाइटें प्रदान की गई है और LED लाइट्स का कार्य रूक गया है;

ग) सीएम स्ट्रीट लाइट परियोजना का कार्य पुनः कब प्रारंभ होगा; और

घ) 2150 शेष बची हुई लाइटें कब तक प्रदान की जाएंगी?

**अतां 89 श्री विशेष रवि शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या उत्तरी दिल्ली नगर निगम की, बैंक स्ट्रीट(भगवती मार्केट के पीछे) शैक्षणिक भूमि पर पार्किंग परियोजना आरंभ करने की कोई योजना है, जहाँ पहले से ही दो स्कूल हैं, जो कुछ समय से बंद हैं;

ख) क्या उत्तरी दिल्ली नगर निगम 'लैंडयूज़' बदलने के लिए अधिकृत है अथवा उसके पास ऐसा करने की अनुमति एवं अधिकार है; यदि हाँ तो एतद्संबंधी दस्तावेज की प्रति उपलब्ध कराएँ; और

ग) यदि उत्तरी दिल्ली नगर निगम इसके लिए अधिकृत नहीं है और उसने दि.वि.प्रा. से इसकी अनुमति ली है तो उस संबंध में संपूर्ण दस्तावेज उपलबध कराएँ?

**अतां 90 सुश्री भावना गौड़ शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पालम विधान सभा के अंतर्गत पड़ने वाले चार वार्ड(साधनगर, पालम, महावीर एंकलेव एवं मधु विहार) में लगातार नई बिल्डिंगों का निर्माण हो रहा है;

ख) यदि हां, तो क्या ये सभी बिल्डिंगें विभाग के नियमों एवं उप नियमों के तहत बनाई जा रही हैं;

ग) क्या बेसमेंट का निर्माण बिल्डिंग बायलॉज के अंतर्गत कर सकते हैं;

घ) 2015 से अब तक पालम विधान सभा के चारों वार्डों में कितने बेसमेंट बने हैं, पूर्ण विवरण दें;

ङ) 2015 से अब तक कितने मकान ऐसे बने हैं जो अपनी निर्धारित लम्बाई से ज्यादा है, पूर्ण विवरण दें;

च) पालम विधान सभा में अब तक एमसीडी द्वारा कितनी बिल्डिंग सील व बुक की गई है, वार्डवाइज ब्यौरा दें; और

छ) क्या यह सत्य है कि विभाग द्वारा बुक्ड व सील्ड बिल्डिंगों में अभी भी गतिविधियां चल रही हैं, यदि हां, तो विभाग इसमें क्या कार्यवाही कर रहा है?

**अतां 91 सुश्री भावना गौड़ शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि पालम विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाली वो सड़कें जो एमसीडी के अंतर्गत आती हैं उन सड़कों के फुटपाथ पर स्थाई अथवा अस्थाई ढ़ॉचे बनाये गये हैं;

ख) इनमें कितने स्थाई हैं तथा कितने अस्थाई, पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या फुटपाथ पर स्थाई अथवा अस्थाई ढ़ॉचे लग सकते हैं;

घ) यदि नहीं, तो यह किसकी अनुमति से लगे हैं;

ड.) क्या यह फुटपाथ पर पैदल पथिकों के मौलिक अधिकार का हनन नहीं है; और

च) यदि हां, तो इन्हें हटाने की सरकार की क्या योजना है और यह कितने निश्चित समय सीमा के अंतर्गत हटा दिये जाएंगे?

**अतां 92 सुश्री भावना गौड़ शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि पालम विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले पालम गांव व इसके आसपास की समस्त ग्रामसभा एक नोटीफिकेशन के द्वारा दिल्ली विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित की जा चुकी है;



ख) यदि हां, तो इनका पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या इन सभी भूमि पर डीडीए द्वारा अपनी चारदीवारी की गई है;

घ) क्या यह सत्य है कि पालम मेट्रो के निर्माण के समय मेट्रो विभाग ने कुछ भूमि डीडीए से अपना रखने हेतु किराये पर ली थी, यदि हां, तो इससे संबंधित संपूर्ण विवरण उपलब्ध करायें;

ड.) क्या यह भूमि मेट्रो ने डीडीए को वापस कर दी है, यदि हां, तो कब; और

च) डीडीए द्वारा कितना किराया मेट्रो से लिया गया, और अभी इस भूमि की क्या स्थिति है?

**अता. 93 श्री पवन शर्मा शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि धीर पुर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत धीरपुर में 25.38 हैक्टेयर भूमि पर वॉटर लैंड पार्क का निर्माण/पुनरूद्धार कार्य डीडीए एवं सेंटर फॉर अर्बन इकोलॉजी एंड संस्टेनेबिलिटी के संयुक्त प्रयास से होना था;

ख) यदि हां, तो इस प्रोजेक्ट को कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, पूर्ण विवरण दें;

ग) अटल मिशन फॉर रिजुवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफार्मेशन योजना (अमृत) के अन्तर्गत जल नेटवर्क तक घरों की पहुंच बढ़ाने के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की विधान सभा क्षेत्रवार स्थिति क्या है;

घ) कार्यादेश में उल्लेखित समय सीमा के अंदर कितने प्रतिशत परियोजनाएं पूर्ण हुई; और

ड.) उपरोक्त योजना के अन्तर्गत आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में भी कोई परियोजना चल रही है, यदि हां, तो उक्त परियोजना की स्थिति क्या है?

**अतां 94 श्री विनय मिश्रा शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एमसीडी प्रापर्टी पर मोबाइल टावर लगाने की संपूर्ण प्रक्रिया क्या है; और

ख) सभी मोबाइल टावरों की सूची, उनके स्थान, परिचालक के नाम तथा एमसीडी वार्ड संख्या सहित, उपलब्ध कराएँ?

**अतां 95 श्री विनय मिश्रा शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एसडीएमसी/एनडीएमसी/ईडीएमसी द्वारा भोजन प्रतिष्ठान, भोजन व आवासीय प्रतिष्ठान, निर्माण इकायों, भंडारण व बिक्री, मनोरंजन व मनबहलाव इकाइयों के लिए 'हेल्थ ट्रेड लाइसेंस' जारी किए जाने की विस्तृत प्रक्रिया क्या है, संबंधित आदेशों, नियमों और उपनियमों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएँ;

ख) तीनों नगर निगमों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत हेल्थ ट्रेड लाइसेंस के संबंध में 1 जनवरी 2015 से 30 अक्टूबर, 2021 तक की अवधि के लिए विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आवेदकों की संख्या, प्रदत्त लाइसेंसों की संख्या, निरस्त किए गए आवेदनों की संख्या, लंबित आवेदनों की संख्या व लंबित रहने के प्रमुख कारण व आवेदनों को निरस्त किए जाने के मुख्य कारणों की जानकारी सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;

ग) उक्त प्रतिशठानों के निरीक्षण के लिए डीएमसी अधिनियम, 1957 की धारा 417/420/421/423 के अंतर्गत कौन से कर्मचारी अधिकृत हैं, उनका संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;

घ) उक्त धाराओं के अंतर्गत हेल्थ ट्रेड लाइसेंसों की जाँच के लिए 1 जनवरी 2015 से 30 अक्टूबर 2021 की अवधि के दौरान किए गए निरीक्षणों का वर्षवार विवरण प्रदान करें;

ङ) बिना हेल्थ ट्रेड लाइसेंस के काम करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई का विवरण देते हुए संबंधित आदेशों, नियमों व उपनियमों की प्रतिलिपियाँ उपलब्ध कराएँ;

च) तीनों नगर निगमों के अंतर्गत आने वाले अस्पतालों में मानव संसाधनों की सभी श्रेणियों की स्वीकृत क्षमता तथा वास्तविक क्षमता का पूर्ण विवरण क्या है; रिक्त पदों का विवरण देते हुए विगत पाँच वर्षों में नगर निगमों ने इन्हें भरने के लिए जो कदम उठाए हैं, उनकी जानकारी दें; और

छ) क्या एसडीएमसी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त स्वास्थ्य उपकरण/सुविधाएँ, जैसे एमआरआई मशीन, एक्स–रे मशीन, पैथोलॉजी सेवाएँ, ईसीजी मशीन, आईसीयू आदि, उपलब्ध हैं, इनका अस्पतालों के अनुसार ब्यौरा उपलब्ध कराएं?

**अतां 96 श्री ओम प्रकाश शर्मा शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों के विकास के लिए कितनी–कितनी धनराशि का आबंटन किया गया, और,

ख) दिल्ली सरकार द्वारा किन–किन अनधिकृत कॉलोनियों में कितनी–कितनी धनराशि के कार्यों की मंजूरी दे दी गई है, विधान सभा क्षेत्र अनुसार विवरण दें?

**अतां 97 श्री रोहित मेहरौलिया शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2021–2022 में तीनों एमसीडी के द्वारा कितनी चूने की खरीद हुई है;

ख) क्या इस चूने के द्वारा किसी तरह का जल प्रदूषण या वायु प्रदूषण होता है;

ग) यदि वायु प्रदूषण होता है तो हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 कितना बढ़ा है; और

घ) जिस हवा में चूना घुला होता है उसमें श्वास लेने पर लोगों के स्वास्थ्य को कितना नुकसान पहुंचता है?

**अता. 98 श्री विजेन्द्र गुप्ता शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) यमुना पार विकास बोर्ड का गठन कब किया गया और इसकी पहली बैठक कब बुलायी गई तथा यमुना पार स्थित विधान सभा क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने के लिए इसमें कुल कितने बजट का प्रावधान किया गया;

ख) यदि अभी तक यमुना पार विकास बोर्ड का गठन नहीं किया गया है तो इसके क्या कारण हैं; और

ग) इसका गठन कब तक कर दिया जाएगा?

**अता. 99 श्री भूपिंदर सिंह जून शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा जिन व्यक्तियों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था ऐसे पात्र व्यक्तियों को वैकल्पिक भूखंड आवंटित करने संबंधी आवेदन दिल्ली विकास प्राधिकरण को अग्रेषित करने का कोई प्रस्ताव क्या शहरी विकास विभाग के पास लंबित है;

ख) यदि नहीं, तो ऐसे आवेदनों को अग्रेषित न करने का क्या कारण है; और

ग) क्या वैकल्पिक भूखंड आवंटित न किए जाने के संबंध में शहरी विकास विभाग माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय 'डीडीए बनाम जय सिंह कँवर व अन्य'(सिविल अपील संख्या 8290/2010) की ग़लत व्याख्या कर रही है?

**अता. 100 श्री हाजी यूनुस शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एमसीडी के कम्युनिटी सर्विस डिपार्टमेंट द्वारा विभिन्न श्रेणियों के व्यक्तियों को पेंशन/वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी सभी योजनाओं की सूची तथा उससे संबंधित पॉलिसी डॉक्यूमेंट दिनांक 1 जनवरी, 2015 से 31 अक्टूबर, 2021 के बीच की अवधि के लिए उपलब्ध कराएँ;



ख) उक्त योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की सूची व उन्हें दी गई धनराशि का विस्तृत विवरण दें;

ग) एमसीडी द्वारा संचालित सामुदायिक भवनों की जानकारी उनके नाम, पते व संपर्क संख्या सहित प्रदान करें;

घ) क्या यह सत्य है कि कम्युनिटी सर्विस डिपार्टमेंट में स्टाफ की बहुत कमी है;

ङ) यदि हाँ, तो कुल स्वीकृत पदों व रिक्त पदों की सूची देते हुए बताएँ कि इन रिक्तियों को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

च) क्या यह सत्य है कि सीएसडी प्रतिभा विकास केंद्र और नर्सरी कक्षाएँ भी चलाती है, यदि हाँ, तो संबंधित कानूनों/नियमों/नीतियों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराएँ तथा इन केन्द्रों का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं?

**अता. 101 श्री हाजी यूनुस शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एसडीएमसी, नॉर्थ डीएमसी, ईडीएमसी के अंतर्गत पार्कों के रख–रखाव तथा विभाग के मालियों को कार्य–आवंटन के संबंध में क्या नीति है;

ख) उद्यान विभाग के लिए विभिन्न योजनाओं/गतिविधियों के लिए प्राप्त होने वाली निधियों और उनके खर्च का वर्षवार विवरण व उनका 'यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट' उपलब्ध कराएँ;

ग) तीनों नगर निगमों के अंतर्गत स्थाई या अनुबंध के आधार पर नियुक्त स्टाफ(अधिकारी, माली आदि) का पूर्ण विवरण, उनके पदनाम व उत्तरदायित्वों सहित, उपलब्ध कराएँ;

घ) 2019–20 में डीपीजीएस योजना के अंतर्गत दिल्ली सरकार कितने पार्कों का रख–रखाव करती है, पार्क का नाम, संबंधित वार्ड पार्क का क्षेत्रफल व स्वीकृत राशि सहित विवरण प्रदान करें;

ङ) 2019–20 में एमसीडी की आंतरिक पीपीई योजना के अंतर्गत कितने पार्कों का रख–रखाव किया जा रहा है, पार्क का नाम, संबंधित वार्ड पार्क का क्षेत्रफल व स्वीकृत राशि सहित विवरण प्रदान करें;

च) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा नॉर्थडीएमसी को कितने पार्क हस्तांतरित किए गए हैं और दिल्ली विकास प्राधिकरण की ओर से एसडीएमसी/नॉर्थडीएमसी/ईडीएमसी को रख–रखाव हेतु 1 जनवरी 2010 से 30 अक्टूबर, 2021 के बीच कितनी राशि प्राप्त हुई है;

छ) क्या यह सत्य है कि पार्कों को बुक करने के लिए जो लोग डिमांड ड्राफ्ट जमा कराते हैं, उनमें से कई लोग सिक्योरिटी डिपोजिट का रिफंड नहीं लेते हैं;

ज) यदि हाँ तो 1.1.15 से 30.10.21 की अवधि के दौरान ऐसी राशि का विस्तृत विवरण प्रदान करें; और

झ) वित्तीय वर्ष 2019–2020 के दौरान तीनों नगर निगमों में की गई पौधारोपण गतिविधियों का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराएँ?

**अता. 102 श्री हाजी यूनुस शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) एमसीडी स्कूलों की सूची उनके पते, कक्षाओं की संख्या, प्रिंसिपल सहित अध्यापकों की संख्या, सफाई स्टाफ की संख्या सहित उपलब्ध कराएँ;

ख) क्या उक्त स्कूलों में पुस्तकालय, कंप्यूटर/साइंस लैब व ऑडीटोरियम चालू हालत में हैं;

ग) 1 जनवरी, 2015 से 31 अक्टूबर, 2020 तक एमसीडी स्कूलों के कितने नए भवन बनाए गए व उनके नाम, पते, उनमें बने नए कमरों व शौचालयों की संख्या, ऑडीटोरियम की जानकारी सहित उपलब्ध कराएँ;

घ) इस निर्माण पर आने वाली कुल लागत क्या है;

ङ) एमसीडी द्वारा घर–घर जाकर किए जाने वाले अद्यतन सर्वेक्षण की रिपोर्ट उपलब्ध कराएँ, जिसमें स्कूल न जाने वाले बच्चों की जानकारी ली जाती है;

च) 1 जनवरी, 2015 से 31 अक्टूबर, 2021 के बीच पंजीकृत छात्रों और बीच में ही पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्रों का, लड़कों और लड़कियों का अलग–अलग, वर्षवार विवरण उपलब्ध कराएँ; और



छ) एमसीडी द्वारा कल्याण योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, जैसे निःशुल्क पुस्तकें, वर्दी, छात्रवृत्ति आदि का पूरा विवरण वर्ष 2018–19 व 2019–20 के लिए उपलब्ध कराएँ?

**अता. 103 श्री हाजी यूनुस शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) एसडीएमसी/नॉर्थडीएमसी/ईडीएमसी के अंतर्गत लीज़होल्ड वाली दुकानों का विवरण उनके क्षेत्रफल और वार्डसंख्या सहित उपलब्ध कराएँ?

**अता. 104 श्री सुरेंद्र कुमार शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि ऑडिट रिपोर्ट 2017–18 के अनुसार विभाग के पास खाली भूमि तथा संपत्तिकर से छूट प्राप्त भवनों का कोई रजिस्टर/रिकॉर्ड/विवरण नहीं है, जबकि डीएमसी अधिनियम की धारा 115(2) के अंतर्गत ऐसा होना आवश्यक है, 1 जनवरी 2015 से 31 अक्टूबर 2021 तक का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं;

ख) दिनांक 1 जनवरी 2015 से 31 अक्टूबर 2021 के बीच किए गए सर्वेक्षणों का विवरण प्रदान करें, इस अवधि में कितने भवनों का सर्वेक्षण किया गया;

ग) 1 जनवरी 2015 से 31 अक्टूबर 2021 की अवधि के दौरान संपत्ति कर संबंधी रिटर्नों की छँटनी की वर्तमान स्थिति की जानकारी दें जिसमें फाइल की गई रिटर्नें, छाँटी गईं, रिटर्नों में पाई गई कमियाँ, देय संपत्तिकर तथा वसूला गया संपत्तिकर का विवरण भी दिया गया हो, पूर्ण विवरण सहित असेसमेंट बुक की कापी उपलब्ध कराएं;

घ) दिनांक 1 जनवरी, 2015 से 31 अक्टूबर, 2021 तक की अवधि के लिए 31.1021 तक जारी यूपीआईसी की कुल संख्या, एजेंसी का नाम व पता, एजेंसी को रिलीजत्र की गई धनराशि, आवंटित किए जाने हेतु लंबित यूपीआईसी की संख्या व इन लंबित यूपीआईसी का निपटान कब तक कर दिया जाएगा की जानकारी देते हुए 'यूनीक आइडेंटिफिकेशन कोड'(यूपीआईसी) का रजिस्टर उपलब्ध कराएँ;

ड.) दिनांक 1 जनवरी, 2015 से 31 अक्टूबर, 2021 तक की अवधि के लिए एकत्रित किए गए संपत्ति कर का विवरण ज़ोन के नाम, करदाताओं की संख्या, एकत्रित किया गया कर(रुपयों में), कर वसूली में हुई कमी/वृद्धि तथा यदि कमी हुई है तो उसके कारण ों की जानकारी सहित उपलब्ध कराएँ;

च) क्या यह सत्य है कि ऑडिट रिपोर्ट 2017–18 के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की अत्यधिक कमी दर्ज की गई है, दिनांक 31.03.2019 तक बकाया संपत्तिकर की राशि लगभग रु1107.48 करोड़ है, इसके लिए सरकार की क्या योजना है; और

छ) ऑडिट रिपोर्ट 2017–18 के अनुसार 1.साकेत कोर्ट, साकेत, 2.मैसर्स ब्राइटवेज़ हाउसिंग एंड लैंड डेवलपमेंट लि0, प्लौट नं0–7, टीडीआई डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जसोला, 3.स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी कॉम्प्लेक्स, वसंतकुंज, फेज–2, 4. हेवन स्टार प्रा.लि. डेवलपर/ऐरोसिटी होटल एंड ग्लोबल सेंटर(दिल्ली) प्रा.लि., एसेट नं0–13,एयरोसिटी, आईजीआई एयरपोर्ट के समीप, महिपालपुर, 5. होटल एम्बोसिया, ए–217, महिपालपुर, 6.(ए) सी–97, मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र, फेस 2 की संपत्ति(बी) ए–1/177 ए, जनकपुरी की संपत्ति, 7. ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन, डी–41, औद्योगिक क्षेत्र, जनकपुरी, 8. ए–3/233, जनकपुरी की संपत्ति, 9. होटल वेव्ज़, ए–272, एन एच 8, महिपालपुर एक्सटेंशन के संबंध निकाले गए संपत्ति कर का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ?

**अता. 105 श्री सुरेंद्र कुमार — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) डीएसआईआईडीसी द्वारा गोकलपुर विधान सभा में 12 कालोनियों के निर्माण की स्कीमों के लिए अभी तक बजट आवंटित न किए जाने के क्या कारण है; और

ख) इनका निर्माण कब तक शुरू होगा?



**अता. 106 श्री गुलाब सिंह — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या मुख्यमंत्री सड़क योजना पुनः चालू करने की योजना है;

ख) अगर हां, तो इसके लिए वित्तीय मंजूरी कब तक दी जाएगी पूर्ण विवरण दें; और

ग) साल 2019 में मटियाला विधानसभा में मुख्यमंत्री सड़क योजना से कितना पैसा मंजूर किया गया, पूरी जानकारी दी जाए?

**अता. 107 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) तीनों दिल्ली नगर निगमों ने दिल्ली की सफाई सुनिश्चित करने के लिए पिछले 5 वर्शों में अलग–अलग निगम ने व्यक्तिगत रूप से कुल कितना खर्च किया है ;

ख) तीनों दिल्ली नगर निगमों ने कूड़े की उठान सुनिश्चित करने के लिए कितनी कूड़ा गाड़ियों की खरीद की, प्रत्येक गाड़ी की लागत क्या है, वह किस–किस जोन में चलाई जा रही है, पूर्ण विवरण दें ;

ग) उत्तरी दिल्ली नगर निगम को पिछले 15 वर्षों में कितनी धनराशि कनवर्जन/चार्ज के रूप में प्राप्त हुई है तथा वर्षवार उसका खर्च किस–किस मद में कब–कब किया गया पिछले 15 वर्ष का पूर्ण विवरण दें ;

घ) उत्तरी दिल्ली नगर निगम को पिछले 15 वर्षों में कितनी धनराशि पार्किंग चार्ज के रूप में प्राप्त हुई व इससे दिल्ली में कितनी पार्किंग सुविधाएं लगाई गई कितनी परियोजनाएं अभी हाल में चल रही हैं व कितनी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, पूर्ण विवरण दें; और

ङ) कितनी पार्किंग वर्षों से बंद पड़ी हुई और उसके बंद रहने का क्या कारण है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं?

**अता. 108 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने पिछले पांच वर्षों में जल निकासी के लिए(विधायक निधि/मुख्य मंत्री सड़क निर्माण योजना/ ग्रामीण विकास निधि/दिल्ली सरकार के किसी अन्य निधि के अतिरिक्त) कौन–कौन सी परियोजनाएं लागू की ;

ख) जल निकासी के लिए नालों के निर्माण के लिए अभी कौन–कौन से कार्य चल रहे हैं, कौन–कौन से कार्य कर लिए गए हैं, कौन–कौन से कार्य प्रस्तावित हैं, इन पर मदवार(विधायक निधि/मुख्य मंत्री सड़क निर्माण योजना/ग्रामीण विकास निधि दिल्ली सरकार के किसी अन्य निधि के अतिरिक्त) उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने कितना खर्च अपनी निधि से किया है, इसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए ;

ग) दिल्ली नगर निगम द्वारा पिछले तीन वर्षों में कितने ट्रक मलबे निकाले गए, उन मलबों को कहां फैंका गया, किन–किन वाहनों का प्रयोग किया गया, पूर्ण विवरण दें ;

घ) उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सभी निगम पार्षदों को निगम फंड या अन्य किसी निधि से अभी तक प्रतिवर्ष कितना धन निर्गत किया गया और कौन–कौन से कार्य पास हुए, कौन–कौन से कार्य पूर्ण हुए, प्रतिवर्ष इस धन का उपयोग किन–किन कार्यों में किया गया है, पूर्ण विवरण दें;

ङ) मॉडल टाऊन विधान सभा में पिछले पांच सालों में विधायक निधि से ओपन जिम एंव झूले लगाने हेतु कब और कितना फंड प्राप्त हुआ, पूर्ण विवरण दें;और



च) अभी तक कितने जिम और झूले कहॉ–कहॉ लगाए गए हैं पूर्ण विवरण दें?

**अता. 109 श्री सौरभ भारद्वाज** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) इंजीनियरिंग/इनफ्रास्ट्रक्चर वर्क्स के अंतर्गत विगत पाँच वर्ष (2015–2020) का बजट व उसके प्रयोग(यूटिलाइजेशन) का विवरण वर्षवार उपलब्ध कराएँ;

ख) सरकारी/गैर सरकारी, निजी संस्थाओं द्वारा सड़क खोदने व रख–रखाव संबंधी दिशानिर्देशों/नीतियों/स्थाई आदेशों की प्रतिलिपियाँ उपलब्ध कराएँ;

ग) दिल्ली में, विशेषकर एयरटेल/जिओ/आईजीएल/अन्य टेलीकॉम कंपनियों द्वारा की जा रही खुदाई के संबंध में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएँ;

घ) भवन निर्माण के संबंध में परियोजना की भौगोलिक स्थिति, वार्डसंख्या, भू–स्वामी एजेंसी, ठेकेदार का नाम, पता व फोन नंबर, अनुबंध की राशि, अनुमानित लागत, दिनांक 31.10.2020 तक ठेकेदार को दी गई धनराशि, ठेके के आरंभ व अंत की तिथि, बनाए जाने वाले कमरों की संख्या, कार्य की वर्तमान स्थिति, कार्यान्वयन के दौरान होने वाले विलंब के कारण, कार्यकारी अभियंता द्वारा प्रमाणित आधारभूत ढाँचे की वर्तमान स्थिति, क्या यह उपयोग में हैं, आदि जानकारी प्रदान करते हुए संपूर्ण विवरण उपलबध कराएँ;

ङ) दिनांक 1 जनवरी, 2020 से 31 अक्टूबर, 2021 तक की अवधि में सभी एसई, ईई, एई, जेई की उनकी प्रोन्नति संबंधी जानकारी सहित, सूची उपलब्ध कराएँ; और

च) क्या यह सत्य है कि किसी व्यक्ति की किसी एक स्थान/पद पर तैनाती की एक निश्चित/सीमित अवधि होती है यदि हाँ, तो 1 जनवरी, 2010 से 31 अक्टूबर, 2021 की अवधि के दौरान तीनों नगर निगमों में व पूर्ववर्ती एकीकृत नगर निगम में विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी एसई, ईई, एई, जेई की सूची उपलब्ध कराएँ, जिसमें उन सभी की प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम

व अन्य तैनातियों की जानकारी उनके नाम, कर्मचारी कोड, पिता का नाम, तैनाती की अवधि, पदनाम सहित दी गई हो?

**अता. 110 श्री सौरभ भारद्वाज शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिनांक 01.01.2015 से 31.10.2020 की अवधि के बीच उन संपत्तियों का विवरण उपलब्ध कराएँ, जिन्हें बिल्डिंड बाइ लॉज़/रूल्स के उल्लंघन, अतिक्रमण/अनधिकृत निर्माण आदि के कारण सील की गईं या गिराई गईं;

ख) उन अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची, जिन पर यह सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व था कि बुक/सील की गई या तोड़ी गई संपत्तियों का पुनः प्रयोग न होने लगे या उनका पुनर्निर्माण न होने पाए;

ग) कार्यालय आदेश डी/891/ईई(बी)/एचक्यू दिनांक 14.12.2000 के अनुसार सेलुलर मोबाइल फोल सेवा हेतु प्रति मोबाइल फोन टावर के अस्थाई ढाँचे के निर्माण हेतु एकमुश्त रु.1,00,000/– की फीस ली जानी थी, इस संदर्भ में तीनों नगर निगमों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मोबाइल टावरों का संपूर्ण विवरण, उनकी स्थिति, पते सहित उपलब्ध कराएँ व यह भी बताएँ कि क्या उन्हें लाइसेंस प्रदान किया गया था और एतदर्थ फीस ली गई थी; और

घ) उक्त संदर्भ में दिनांक 01.01.2015 से 31.10.2021 तक की अवधि के लिए तोड़ी गई सभी संपत्तियों की सूची, जिसमें वार्ड संख्या, संपत्ति का पता, क्या और कितना डिमोलीशन शुल्क वसूल किया गया, आदि विवरण प्रदान करें और तोड़ी गई संपत्तियों से कम 'रिकवरी चार्जेज' वसूल किए जाने के कारण तथा लंबित डिमोलीशन शुल्क वसूल किए जाने की कार्ययोजना क्या है और इस संबंध में निगरानी तंत्र क्या है?

**अता. 111 श्री रघुविन्दर शौकीन शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा उत्तरी दिल्ली नगर निगम को प्रतिवर्ष फंड जारी किया जाता है;

ख) यदि हॉ, तो विगत 5 वर्षों में उत्तरी दिल्ली नगर निगम को जारी फंड का विवरण दिया जाए; और

ग) उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा इन राशियों का व्यय ब्यौरा प्रदान किया जाए?

**अता. 112 श्री रघुविन्दर शौकीन शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) नांगलोई विधान सभा क्षेत्र में तह बाजारी के लिए कौन–कौन सी सड़कें/जगहें अधिसूचित की गई है; और

ख) क्या इन बाजारों में फेरीवालों/स्ट्रीट वेंडरों को इसके कोई अधिकार दिए गए हैं?

**अता. 113 श्री राजेश ऋषि शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जनकपुरी विधानसभा के वार्ड 15 एस, 16 एस, 17 एस और 18 एस में एसडीएमसी द्वारा वर्ष 2018 से 2021 दिसंबर तक कितने बन रहे और बन गए मकानों और कोठियों को बुक किया गया, पूर्ण विवरण नोटिस कॉपी के साथ दे;

ख) किन किन बिल्डिंग, मकानों, दुकानों, फ्लैटस और कोठियों पर कार्रवाई की और किन किन पर नोटिस देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई, पूर्ण विवरण दें;

ग) वार्ड 16 एस की कोठी नं. सी 3/1, सी4एच/162, सी4बी/335, वार्ड 18 एस की ई 12, ई13, चाणक्य प्लेस पार्ट1 पर अब तक कार्रवाई न किए जाने के क्या कारण हैं;

घ) जनकपुरी में चंदर नगर के सामने वाली डीडीए की ए1 ग्रीन बेल्ट पर स्कूल बनाने की अनुमति किस नियम के तहत दी गयी, अनुमति की कापी सहित पूर्ण विवरण दें; और

ड.) जनकपुरी में वार्ड 15एस, वार्ड 16एस, वार्ड 17एस और वार्ड 18एस की सफाई के लिए कितने कर्मचारी हैं और कितनी कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां हैं, वार्डवाइज विवरण दें?

**अता. 114 श्री शिव चरण गोयल शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि रेशमा कैंप 2/22 के सामने WHS टिम्बर मार्किट, कीर्ति नगर में DDA की एक बहुत बड़ी जमीन खाली पड़ीं हैं;

ख) यदि हां, तो उसका कितना वर्ग क्षेत्रफल है; और

ग) क्या भविष्य में इस भूमि पर निर्माण कार्य हेतु सरकार की कोई योजना है ?

**अता. 115 श्री शिव चरण गोयल शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) MCD विभाग के तहत मोती नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितनी पार्किंग स्थल आबंटित की गयी हैं पूर्ण विवरण दें ;

ख) इन जगहों पर किस तरह के वाहनों को पार्किंग की अनुमति हैं और उनके लिए क्या भुल्क एंव समय निर्धारित किया गया है ;

ग) क्या शारदा पूरी बिशन सिंह स्कूल के सामने MCD विभाग ने कोई पार्किंग आबंटित की है; और

घ) क्या इस जमीन पर पशुपालन, ट्रकों की अवैध पार्किंग, टैंटों का कार्य करने और बिल्डिंग मैटीरियल, आदि के रख–रखाव की भी छूट दी गयी है ?

**अता. 116 श्री शिव चरण गोयल शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या सरकार की कीर्ति नगर इंडस्ट्रियल एरिया मे छोटे–छोटे प्लाट काट कर दुकानें/ऑफिस/शोरूम इत्यादि बनाने की कोई योजना हैं; और

ख) कीर्ति नगर इंडस्ट्रियल एरिया में वर्तमान समय में कितने प्लाट पर छोटे–छोटे प्लाट काट कर बनाए जा रहे हैं, पूर्ण विवरण दें ?



**अतां 117 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लोगों को हानिकारक विकीरण से बचाने के लिए दिल्ली में मोबाइल टावर लगाने की क्या नीति है; और

ख) एसडीएमसी द्वारा आर के पुरम विधानसभा में बार–बार मोबाइल टावर लगाने से रोकने हेतु विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 118 श्री अजय महावर शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत घौण्डा विधानसभा से कितनी सड़कों के निर्माण के लिए सरकार को आवेदन मिला है, विवरण दें;

ख) उपरोक्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति क्या है और भविष्य में कब तक बजट आबंटित हो जाएंगे;

ग) क्या यह सत्य है कि उपरोक्त कार्यों के लिए संबंधित विभाग को अभी तक फंड जारी नहीं किया गया;

घ) यदि हां तो इसके क्या कारण हैं;

ड.) मुख्यमंत्री सड़क योजना में कितने बजट का प्रावधान है, उसमें से कितना बजट किस योजना में अब तक खर्च हुआ है, विवरण दें; और

च) मुख्यमंत्री सड़क योजना में बजट आबंटित करने की क्या प्रक्रिया एवं प्रावधान है?

**अतां 119 श्री मोहन सिंह बिष्ट शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करावल नगर विधान सभा के अंतर्गत कुल कितनी अनाधिकृत कॉलोनी हैं;

ख) करावल नगर विधानसभा के अंतर्गत अनधिकृत कॉलोनियों में विकास का कोई भी कार्य आज तक न होने के क्या कारण हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा की अधिकतर कॉलोनियों के एस्टीमेट भाहरी विकास विभाग के पास बजट के लिए लम्बित पड़े हैं; और

घ) इन कॉलोनियों को अभी तक बजट न दिये जाने के क्या कारण हैं तथा कितने दिनों में इनका बजट रिलीज कर दिया जायेगा?

**अतां 120 श्री सोमनाथ भारती दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) सरकार ने वर्ष 2014 के बाद से जल एवं सीवर के लिए आध ारभूत ढाँचे के निर्माण व उसमें सुधार के लिए कितनी धनराशि खर्च की है विधानसभा क्षेत्रवार विवरण प्रदान करें;

ख) क्या मालवीय नगर जल आपूर्ति की स्थिति का ऑडिट किया गया है और अनुबंधित किए जाने के उद्देश्यों की पूर्ति न होने पर क्या कार्रवाई की गई;

ग) दूषित जल, सीवर के बह निकलने तथा जल आपूर्ति न होने की समस्याओं के समाधान के लिए दिल्ली जलबोर्ड की मानक कार्य–प्रक्रिया क्या है; और

घ) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में डीएमए भवनों का निर्माण कार्य हर प्रकार से कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

**अतां 121 श्री धर्मपाल लाकड़ा दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि मुण्डका विधान सभा क्षेत्र की कच्ची कालोनियों में बारिश के दिनों में भयंकर जलभराव की समस्या होती है; और

ख) यदि हां, तो इसके निदान हेतु सरकार की इन इलाकों में टयूबवैल और बोरवेल लगाकर वाटर लेवल डाउन करने या कोई नई ड्रेन बनाकर जलभराव की समस्या के समाधान की कोई योजना है?



**अतां 122 श्री ओमप्रकाश शर्मा दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा रोहताश नगर विधानसभा में पिछले 10 वर्षों में कितने U.G.R. का निर्माण किया गया है, और इन U.G.R. की कैपेसिटी कितनी है;

ख) रोहताश नगर विधानसभा में स्थित U.G.R. से किस–किस विधानसभा में पानी की सप्लाई की जा रही है;

ग) दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार रोहताश नगर विधानसभा में कितने पीने के पानी की आवश्यकता है;

घ) क्या रोहताश नगर विधानसभा में प्रस्तावित 0.72 MG क्षमता के U.G.R. और बूस्टर पंपिंग स्टेशन और पंपिंग स्टेशनों के सिविल वर्क प्रस्ताव/मरम्मत कार्य को निरस्त कर दिया गया है;

ड़) यदि हाँ, तो निरस्त करने के क्या कारण हैं;

च) दिल्ली सरकार द्वारा यमुनापार विकास बोर्ड का गठन किस वर्ष से किया गया तथा यमुनापार विकास बोर्ड के कार्य क्या हैं;

छ) यमुनापार विकास बोर्ड को स्थाई अथवा अस्थाई रूप से बंद करने के क्या कारण हैं; और

ज) भविष्य में यमुनापार विकास बोर्ड को पुनः चालू करने की सरकार की क्या योजना है?

**अतां 123 श्री शोएब इक़बाल दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मटियामहल विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति, विशेषकर शाम के समय अपर्याप्त रहती है, इसके समाधान हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

ख) वर्क ऑर्डर की स्वीकृति होने के बाद भी बोरिंग में विलंब का क्या कारण है;

ग) पंपसेट लगाने, उनके लिए बिजली के मीटर व अन्य आवश्यक फिटिंग्स व उनके रखरखाव में विलंब का क्या कारण है तथा विभिन्न स्थानों पर यूजीआर तथा पंप स्टेशनों पर पुराने ऑनलाइन

बूस्टर पंपों को बदलने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

घ) क्या सुभाष पार्क के कोने पर वॉल्व को खोलने का तथा इस विधानसभा क्षेत्र में नए यूजीआर बनाने का कोई प्रावधान है ताकि मटिया महल क्षेत्र में जल आपूर्ति में सुधार हो सके; और

ङ) पुरानी और क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों व पानी की लाइनों को बदलने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ताकि गंदे पानी की आपूर्ति को रोका जा सके?

**अता. 124 श्री प्रवीण कुमार दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) सराय काले खां क्षेत्र एवं उसके आसपास होने वाले जल भराव की निकासी के लिए विभाग की क्या योजना है;

ख) विगत 5 वर्षों में जलभराव की निकासी के लिए किस–किस मद से कितना–कितना खर्चा किया गया;

ग) क्या सीएनजी पंप सराय काले खां के पास कोई पंप लगा हुआ है;

घ) क्या उसके आगे की पानी की निकासी की लाइन बैठी हुई है;

ङ) यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

च) सराय काले खां के पानी की निकासी के कार्य में हुई देरी के लिए या कार्य न करने के लिए दोषी कर्मचारियों/अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 125 श्री विजेन्द्र गुप्ता दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली जल बोर्ड में लाइसेंसधारी प्लम्बर की कुल कितनी संख्या है तथा प्रति लाइसेंस कितनी फीस दिल्ली सरकार द्वारा ली जाती है;

ख) क्या दिल्ली सरकार की लाइसेंसधारी प्लम्बर योजना को समाप्त करने की कोई योजना है?

ग) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें;



घ) लाइसेंसधारी प्लम्बर योजना को समाप्त करने के कारण बेरोजगार हुए पलम्बरों के लिए रोजगार हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है;

ड.) लाइसेंसधारी प्लम्बरों के लाइसेंस कौन सी अवधि तक मान्य हैं; और

च) इन लाइसेंसधारी प्लम्बरों से लाइसेंसिंग फीस कौन सी अवधि तक दिल्ली सरकार ने जमा कराई हुई है?

**अता. 126 श्री राम सिंह बिधूड़ी दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–20 एवं 2020–2021 में दिल्ली जल बोर्ड को दिए गए अतिरिक्त बजटीय आधार का ब्यौरा क्या है; और

ख) उपर्युक्त वित्तीय वर्षों में इन अतिरिक्त बजटीय उधारों के व्यय का पूरा विवरण क्या है?

**अता. 127 श्री राम सिंह बिधूड़ी दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–2021 एवं 2021–22 में अब तक दिल्ली जल बोर्ड का कुल राजस्व और प्रत्येक मद के किए गए व्यय का क्या विवरण है;

ख) उपरोक्त वित्तीय वर्षों में प्रति वर्ष योजना और गैर योजना व्यय का क्या विवरण है;

ग) उपरोक्त वर्षों में ब्याज और अवमूल्यन(डेप्रिसिएशन) हटाने के बाद प्रतिवर्ष दिल्ली जल बोर्ड को कितना लाभ या नुकसान हुआ; और

घ) उपरोक्त अवधि में ब्याज और अवमूल्यन(डेप्रिसिएशन) मिलाकर प्रति वर्ष दिल्ली जल बोर्ड को कितना लाभ या नुकसान हुआ?

**अतां 128 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के मुखर्जी नगर जेड आर ओ कार्यालय में कितने सरकारी और कितने प्राइवेट मीटर रीडर एवं मीटर इंस्पेक्टर हैं इन सबका क्षेत्रवार विवरण दें;

ख) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में स्टॉप मीटर्स, अनमीटर चालू मीटर्स, कॉमर्शियल मीटर, डोमेस्टिक मीटर्स का पूर्ण विवरण दें;

ग) मुखर्जी नगर जेड आर ओ कार्यालय में पिछले पांच साल में कितने लोगों को नया कनेक्शन दिया गया है, कितने लोगों को नोटिस जारी किया गया है और कितने प्रतिक्षा सूची में रखे गये हैं, पूर्ण विवरण दें;

घ) दिल्ली सरकार के द्वारा पानी के बिलों में जो स्कीम चलाई गई थी, उसके तहत कितने लोगों को छूट अभी तक दी गयी है, पूर्ण विवरण दें;

ड.) क्या यह सत्य है कि गैर अधिकृत नक्शों के पास मकानों के नये कनेक्शन तो जारी कर दिये जाते हैं जबकि अधिकृत नक्शों से पास मकानों के कनेक्शन जारी नहीं किये जाते हैं और ये लोग दिल्ली जलबोर्ड कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं; और

च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

**अता. 129 श्री सुरेंद्र कुमार — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) एसी–68 में पानी की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक द्वारा कई बार मिलकर अवगत कराने के बावजूद पानी की समस्या अब तक हल न होने के क्या कारण हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि एसी–68 की कालोनियों में अब तक पानी नहीं पहुँचा है;

ग) यदि हॉ, तो वहॉ पानी कब तक पहुंचेगा;



घ) एसी–68 के जिन क्षेत्रों में सप्ताह में केवल दो दिन और वह भी आधा घंटा मात्र पानी आता है वहॉ रेगुलर पानी कब से आएगा; और

ड.) एसी–68 के लिए तैयार ताहिरपुर यूजीआर से पानी की सप्लाई कब से शुरू होगी?

**अता. 130 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि हरिनगर विधान सभा के मायापुरी क्षेत्र में एक यूजीआर का निर्माण किया जा रहा है;

ख) यदि हॉ, तो इस यूजीआर का कार्य फरवरी, 2017 में शुरू होने के बावजूद यह कार्य अभी तक पूरा न होने के क्या कारण है;

ग) इस यूजीआर का निर्माण कार्य कब तक पूरा होगा;

घ) यूजीआर शुरू होने के बाद इसमें कितना पानी आएगा और कहॉ से आएगा; और

ड.) कुल पानी में से कितना पानी हरिनगर विधान सभा को आवंटित होगा?

**अता. 131 श्री गुलाब सिंह — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या मटियाला विधानसभा में दिल्ली जल बोर्ड की 9 प्लस 5 स्कीम के तहत सीवर लाइन व सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की सरकार की कोई योजना है; और

ख) यदि हां तो पूरी जानकारी दी जाए?

**अता. 132 श्री महेंद्र गोयल — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) रिठाला विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड के कितने कनेक्शन है, पूर्ण जानकारी दी जाये;

ख) वर्ष 2015 में रिठाला विधान सभा क्षेत्र को कुल कितना एम जी डी पानी मिलता था तथा वर्तमान समय में कुल कितना पानी मिलता है, पूर्ण जानकारी दी जाये;

ग) वर्ष 2015 से वर्तमान समय तक दिल्ली जल बोर्ड में कितने नये कनेक्शन के आवेदन आये व विभाग द्वारा कितने उपभोक्ताओं को कनेक्शन आवंटित किये गये, पूर्ण विवरण दें;

घ) सेक्टर–6 रोहिणी दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय पर कुल कितनी शिकायते विभाग को वर्ष 2015 से वर्तमान समय तक प्राप्त हुई एवं वर्तमान स्थिति सहित पूर्ण विवरण दिया;

ङ) क्या यह सत्य है कि रोहिणी सेक्टर 16, 17, 11, 5 की वर्तमान सीवर लाइन आज से 25–30 वर्ष पूर्व में डाली गई थी;

च) क्या यह भी सत्य है कि वर्तमान में इन सभी की स्थिति खस्ता हालत में है; और

छ) यदि हां, तो विभाग द्वारा इन्हें बदलने की क्या योजना है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 133 श्री अजय महावर दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) घोण्डा विधान सभा एसी–66 में दिल्ली जल बोर्ड सीवर के रख–रखाव में अप्रैल, 2020 से अब तक कितना व्यय हुआ है व भविष्य में जल बोर्ड सीवर रख–रखाव सम्बन्धी क्या–क्या योजना है;

ख) घोण्डा विधान सभा के यमुना विहार में जलभराव सम्बन्धी समस्या के समाधान के लिये क्या–क्या कदम उठाये जा रहे हैं व इससे कब तक निजात मिलेगी;

ग) यमुना विहार यूजीआर व उस्मानपुर यूजीआर की कुल क्षमता कितनी है और घोण्डा विधान सभा में कितना एमजीडी पानी उपयोग होता है व अन्य विधान सभाओ में कितना एमजीडी पानी इन यूजीआर से जाता है;

घ) खजूरी चौक से तीसरे पुश्ते तक पानी की एक ही पाइपलाईन कब तक डाली जायेगी, जिससे पानी की बर्बादी रोकी जा सके;

ङ) घोण्डा और आसपास की विधान सभाओं में सीवर ओवरफ्लो की भारी समस्या के समाधान हेतु एसपीएस–1 व एसपीएस–2 क्षमता कब तक बढ़ाई जाएगी; और



च) घोण्डा विधान सभा में जर्जर हो चुके सीवर मेन होलों का निरीक्षण करवाकर इनकी मरम्मत कब तक कर दी जाएगी?

**अतां 134 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में पिछले तीन वर्षों से चल रही परिधीय सीवर लाइन पुनर्वास परियोजना के पूर्ण होने की मूल तिथि तथा इसकी मूल लागत क्या थी, पूर्ण विवरण दें;

ख) संशोधित होने की स्थिति में इस परियोजना के कब तक पूर्ण होने की संभावना हैं;

ग) विलंब के कारण इस परियोजना की संशोधित लागत क्या है;

घ) परियोजना के विलंब के लिए विभाग कंपनी/अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई कर रहा है; और

ड.) आरकेपुरम विधान सभा क्षेत्र में अत्यधिक बिल भेजने के कारण उपभोक्ताओं की शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है?

**अता. 135 श्री अभय वर्मा दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 2020 और वर्ष 2021 में दिल्ली में पेयजल की कुल उपलब्ध ाता बतायें;

ख) वर्तमान में लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र में सुबह और शाम अलग–अलग कुल कितने एमजीडी पानी की आपूर्ति की जाती है;

ग) विश्वकर्मा पार्क वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पूरी तरह से कार्य करना कब से शुरू हो जाएगा और उससे लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र को प्रतिदिन कितना पानी मिलेगा;

घ) वर्ष 2021 में लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र में कार्य करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड को कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गई है;

ङ) क्या दिल्ली जल बोर्ड लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र में सीवर लाइन एवं पानी की पाइपलाइन के रख–रखाव व नवीनीकरण के लिए किसी थर्ड पार्टी एजेंसी को हायर करने जा रही है; और

च) यदि हां, तो इसके क्या कारण है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 136 श्री अनिल कुमार बाजपेयी दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली शहरी आश्रय सुंधार बोर्ड द्वारा पिछले 3 वर्षों में रोहतास नगर विधान सभा, सीमापुरी विधान सभा, गोकुलपुरी विधान सभा में किन–किन व्यक्ति या कंपनी या एनजीओ को जमीनें/बिल्डिंग किराए पर दी गई है;

ख) यदि हां, तो किराए पर दी गई जमीन में कितनी पार्किंग और बैंकट हॉल आदि चल रहे हैं, ये कितनी राशि पर दिए गए हैं तथा इनसे कब से कब तक का अनुबंध है, यह जानकारी दी जाए;

ग) जिन कंपनी या एनजीओ या व्यक्तियों से अनुबंध हुआ है उसकी जानकारी दी जाए तथा संबंधित कंपनियों/एनजीओ/पदाधिकारियों की सूची पूर्ण विवरण सहित दी जाए;

घ) अनुबंध पर दी गई जमीन या बिल्डिंग का लैंड यूज बताया जाए; और

ङ) उपरोक्त विधान सभा में शौचालयों का रखरखाव करने वाली एजेंसियों का नाम तथा वर्ष भर में इन एजेंसियों या एनजीओ द्वारा दिए जाने वाले भुगतान की विधान सभा अनुसार जानकारी दी जाए?

**अता. 137 श्री प्रवीण कुमार दिल्ली शहरी आश्रय सुंधार बोर्ड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सामुदायिक केंद्र के लिए बजट किस–किस मद से खर्च किया जा सकता है;

ख) जंगपुरा विधान सभा क्षेत्र में विभाग के कितने शौचालय हैं;

ग) जंगपुरा विधान सभा में विभाग के कितने शौचालय सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं;

घ) जंगपुरा विधान सभा में शौचालयों की देखरेख पर प्रतिवर्श कितना खर्चा होता है;



ङ) जंगपुरा विधान सभा में शौचालयों की देखरेख कौन–कौन से अधिकारी एवं कर्मचारी करते हैं, उनकी सूची सहित पूर्ण विवरण दें; और

च) जंगपुरा विधान सभा में सुचारू रूप से कार्य न कर रहे शौचालयों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के विवरण सहित उनके खिलाफ की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी दें?

**अता. 138 श्री विशेष रवि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मेरे द्वारा दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड में लिखे गए पत्रों, दिनांक 24.09.21, 13.08.21, 23.10.21, 17.09.21, 18.10.21, 18.10.21, 18.10.21, 18.10.21, 18.10.21, 24.09.21, 02.09.21, 12.10.21, 12.10.21, 10.03.21, 03.02.21 संदर्भ संख्या क्रमशः 120149, 11977, 120359, 120089, 120330, 120324, 120298, 120331, 120299, 120125, 119991, 120301, 1203321, 118608, 118063 पर क्या कार्रवाई की गई; और

ख) इन पत्रों पर कार्रवाई में विलंब के क्या कारण हैं तथा इसके लिए कौन–कौन कर्मचारी उत्तरदायी हैं, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 139 श्री अजय दत्त दिल्ली शहरी आश्रय सुंधार बोर्ड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अम्बेडकर नगर में डूसिब की कितनी प्रापर्टी(सम्पत्ति) है;

ख) अप्रयुक्त और अनधिकृत रूप से अतिक्रमण की हुई सम्पत्ति का ब्यौरा दें;

ग) डूसिब की कितनी प्रापर्टी किसी संस्थान को दी गई है, पूर्ण ब्यौरा दें;

घ) अम्बेडकर नगर विधान सभा क्षेत्र में डूसिब इलैक्ट्रिकल विभाग द्वारा तीन साल पहले लगा दी जाने वाली हाई मास्ट लाइट जोकि अभी तक नहीं लगाई गई है, वह कब तक लगा दी जाएगीं; और

ङ) अम्बेडकर नगर खानपुर जेजे कालोनी में आम आदमी पार्क ड्यूसिब द्वारा बनाया गया था, इस पार्क का रखरखाव कब तक शुरू किया जाएगा?

**अता. 140 श्री महेन्द्र यादव दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विकासपुरी विधान सभा में राजीव गांधी आवास योजना बापरोला के तहत तैयार तथा जर्जर व खाली पड़े हजारों फ्लैट्स को लेकर सरकार की क्या योजना है;

ख) क्या सरकार की इन्हें किराये पर देने की कोई योजना है; और

ग) यदि नहीं, तो इन फ्लैट्स को कब और किसे आवंटित किया जाएगा?

**अता. 141 श्री शिव चरण गोयल दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मोती नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने शौचालय एंव बस्ती विकास केंद्र हैं, पूर्ण विवरण दें ;

ख) क्या दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की मोतीनगर विधानसभा में जनहित कार्य के लिए कोई जगह उपलब्ध है ;

ग) यदि हॉ, तो पूर्ण विवरण दें ; और

घ) क्या नजफगढ़ रोड पर मोती नगर लाल बत्ती से मिलन सिनेमा के लिए जो मोड़ मुड़ता है उस कार्नर पर DUSIB का जो खाली पड़ा प्लॉट है उस पर विभाग द्वारा जनहित का कार्य करने की या अन्य कोई योजना है ?

**अता. 142 श्री राजेश गुप्ता दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि वजीरपुर विधान सभा क्षेत्र में डूसिब द्वारा संचालित शौचालयों में सम्बन्धित स्टाफ द्वारा समय पर कार्य नहीं किये जाने के कारण वहॉ बिजली की आपूर्ति एवं साफ–सफाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है; और

ख) यदि हॉ, तो इस समस्या के समाधान हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?



**अता. 143 श्री अभय वर्मा दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोड**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा के अंतर्गत एसडीएम झुग्गी बस्ती किशनकुंज, पीर मस्जिद झुग्गी अंसार नगर किशनकुंज, सब्जी मंडी झुग्गी मंडावली में विकास कार्य के लिए क्या–क्या योजनाएं सरकार के पास लंबित है;

ख) इसके लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

ग) दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को वर्ष 2021 में कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

घ) आबंटित बजट को किसी कार्य के लिए एलोकेट करने की क्या प्रक्रिया तथा प्रावधान है; और

ङ) दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को 1 अप्रैल 2020 से 21 दिसम्बर 2021 तक किस–किस कार्य के लिए कितना–कितना बजट दिया गया है, विवरण दें?

**अता. 144 श्री शोएब इक़बाल ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बिजली के नए कनेक्शन लेने में और डीटी मामलों को सुलझाने में आने वाली कठिनाइयों के समाधान हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

ख) खुले ओवरहेड तारों के कारण किसी दुर्घटना की आशंका को टालने के लिए और अनेक स्थानों पर इस्तेमाल न होने वाले तारों को हटाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

ग) डीईआरसी नियमों के अंतर्गत 5 कि.वा. तक के उपभोक्ताओं के विरुद्ध मामले दर्ज नहीं किए जा सकते है, फिर भी ऐसा क्यों किया जा रहा है;

घ) प्रो–राटा के आधार पर राशि लेने के स्थान पर बीएसईएस देय राशि को अन्य व्यक्तियों को क्यों स्थानांतरित कर रही है; और

ङ) तुर्कमानगेट डीडीए फ्लैट्स में नए कनेक्शन लेने में आने वाली कठिनाइयों के समाधान हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**अता. 145 श्री प्रवीण कुमार** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड द्वारा जंगपुरा विधान सभा में कोई केबल डालने के कार्य की कोई योजना चल रही है या भविष्य में कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो उसमें कितना बजट पास किया गया और वह केबल कहां से कहां तक डाली जा रही है तथा क्या उसमें सभी मापदंडों का पालन किया जा रहा है, पूर्ण विवरण दें; और

ग) यदि किसी अधिकारी के कार्य में कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की जा सकती है?

**अता. 146 श्री राजेश ऋषि** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जनकपुरी विधान सभा में मार्च 2015 से मार्च 2021 तक कितने नए ट्रांसफार्मर लगाए गए और कितने बदले गए, पूर्ण विवरण दें;

ख) जनकपुरी विधान सभा में मार्च 2015 से मार्च 2021 तक बीएसईएस द्वारा कितना फण्ड लगाया गया और किस–किस मद में, पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें;

ग) जनकपुरी विधान सभा में मार्च 2015 से मार्च 2021 तक कितने नए बिजली के कनेक्शन दिए गए, घरेलू और कमर्शियल दोनों का विवरण दें;

घ) जनकपुरी विधान सभा में मार्च 2021 में कितने ट्रांसफार्मर ओवरलोड थे व उन पर विभाग ने क्या कार्रवाई की;

ङ) वर्ष 2022 की गर्मियों के लिए सरकार की क्या तैयारी है; और

च) जनकपुरी विधान सभा के वार्ड–18 एस के डी ब्लाक जीवन पार्क में और दयाल सर रोड पर नए ट्रांसफार्मर लगाने की सरकार की क्या योजना है?



**अता. 147 श्री राजेश ऋषि** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य हे कि मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत जनकपुरी में लगने वाली 3000 स्ट्रीट लाइट्स में से 400 स्ट्रीट लााइट ही लगी है;

ख) यदि हॉ, तो बाकी की स्ट्रीट लाइट्स कब तक लग जाएगी;

ग) बिजली के खम्बों पर लटकी हुई केबल टीवी, इंटरनेट और ब्रोडबैंड की केबल्स को अंडर ग्राउंड करने की सरकार की कोई योजना है;

घ) यदि हॉ, तो यह कार्य कब शुरू होगा;

ड.) क्या जनकपुरी की अनोथराइज्ड कॉलोनियों, चाणक्य प्लेस पार्ट–1 से सीतापुरी, महिंद्रा पार्क से बिंदापुर और रामदत्त एंक्लेव से जा रही हाईटेंशन वायर को हटाने की सरकारी की कोई योजना है; और

च) यदि हॉ, तो यह कार्य कब तक हो जाएगा?

**अता. 148 श्री अनिल कुमार बाजपेयी** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि डीईआरसी टेरिफ ऑर्डर, वित्त वर्ष 2021–22 के अनुसार घरेलू, कृषि व मशरूम उत्पादक उपभोक्ताओं को छोड़कर शेष सबके लिए डिजिटल माध्यम से भुगतान करना आवश्यक है; और

ख) यदि हाँ, तो जिन उपभोक्ताओं के पास डिजिटल मोड की सुविधा उपलब्ध नहीं है, उनके लिए इस संबंध में सरकार क्या कदम उठा रही है?

**अता. 149 श्री गुलाब सिंह** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में कृषि के लिए कुल कितने बिजली के कनेक्शन है; और

ख) दिल्ली में कृषि के सभी कनेक्शन से सभी बिजली कंपनियों को कुल कितना पैसा मिलता है विधान सभावार विवरण दें?

**अता. 150 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) अब तक विभाग के पास कितने बिजली कनेक्शन के आवेदन लंबित है, कारण सहित वरीयता क्रम से पूर्ण विवरण दें;

ख) मॉडल टाऊन विधान सभा क्षेत्र में बिजली विभाग के कुल कितने कनेक्शन है, पूर्ण विवरण दें;

ग) सरकार द्वारा मॉडल टाऊन में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए अधिग्रहित की गई जमीनों की सूची उपलब्ध कराए;

घ) क्या ट्रांसफार्मर लगाने से पहले भूमि स्वामित्व वाले विभाग से एन ओ सी लेने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का पूर्ण विवरण दें;

ङ) क्या यह सत्य है कि किसी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली का कनेक्शन लेने के लिए आवेदक का लाइसेंस होना अनिवार्य है; और

च) यदि हां, तो वो कब से लागू किया गया?

**अता. 151 श्री महेन्द्र गोयल** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि TPDDL द्वारा मकानों से 2 फुट दूरी से जा रही तारो की वजह से नये बिजली के कनेक्शन नहीं दिये जा रहे हैं;

ख) यदि हाँ, तो वर्तमान समय में रिठाला विधानसभा क्षेत्र के कितने आवेदन विचाराधीन हैं;

ग) विभाग ने पिछले 2 वर्षों में ऐसे कितने आवेदकों को कनेक्शन जारी किया; और

घ) वर्तमान समय में TPDDL की इस विषय पर क्या योजना है ?

**अता. 152 श्री अभय वर्मा** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) अनधिकृत निर्माण को हटाने के बाद सड़क के बीचों बीच आई बिजली के खंभों को सड़क के किनारे स्थानांतरित करने की क्या प्रक्रिया है, विस्तृत जानकारी दें;

ख) लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र में विकास मार्ग के सौन्दर्यीकरण के अंतर्गत बिजली के खंभों को हटाकर उसे भूमिगत करने की सरकार की क्या योजना है और इस पर कुल कितना खर्च आएगा;

ग) क्या बिजली के मीटर बदलने का काम कोई निजी एजेंसी करती है, विवरण दें;

घ) निजी बिजली वितरण कंपनियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को परेशान करने के लिए एवं अवैध वसूली के लिए उन पर बिजली के मीटर टैम्परिंग के आरोपों को लगाने से रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है; और

ङ) वर्ष 2021 में बिजली विभाग द्वारा लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबल डालने एवं नये ट्रांसफार्मर बदलने एवं नये स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य कितने स्थानों पर किया गया है व इन कार्यों पर कितना खर्च किया गया है?

**अता. 153 श्री सोमनाथ भारती** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विभाग द्वारा नए राशनकार्डों की स्वीकृति के लिए क्या मानक प्रक्रिया अपनाई जाती है और इसके लिए क्या समयावधि नियत है;

ख) चालू राशनकार्डों तथा लंबित राशनकार्डों की संख्या विधानसभा क्षेत्रवार उपलब्ध कराएँ, व नाम जोड़ने व काटने के लिए दिए गए लंबित आवेदनों की संख्या भी विधानसभा क्षेत्रवार प्रदान करें;

ग) नए राशनकार्डों व राशनकार्डों में संशोधन के आवेदनों को विभाग द्वारा क्यों नहीं निपटाया जा रहा है, क्या इन लंबित आवेदनों को निपटाने में केंद्र सरकार की भी कोई भूमिका है;

घ) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में राशनकार्ड धारकों का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;

ङ) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कृष्णा नगर में मैसर्स मूलचंद नामक राशन की दुकान बहाली की पूरी प्रक्रिया की जानकारी

संबंधित दस्तावेजों के साथ उपलब्ध कराएँ, इस दुकान पर स्थानीय विधायक की उपस्थिति में विभाग के अधिकारियों द्वारा छापा मारकर उसे निलंबित किया गया था, तो इसकी बहाली प्रक्रिया में विधायक को सम्मिलित नहीं किये जाने के क्या कारण हैं; और

च) मेरे द्वारा वर्ष 2016 के बाद से खाद्य आपूर्ति विभाग/दिल्ली स्टेट सिविल सप्लाइज कारपोरेशन को कितने पत्र लिखे व उन पर क्या कार्रवाई की गई और मुझे उनके बारे में क्या प्रत्युत्तर दिया गया?

**अता. 154 श्री ओम प्रकाश शर्मा खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में जिन गरीब लोगों के पास राशन–कार्ड नहीं है, उनमें से कितने लोगों को दिल्ली सरकार द्वारा कोरोना–काल के दौरान वर्ष 2020–21 एंव 2021–22 में अब तक वर्षवार प्रतिमाह मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया है ;

ख) दिल्ली सरकार द्वारा इस पर अभी तक कितनी धनराशि खर्च की गई है; और

ग) भविष्य में दिल्ली सरकार द्वारा इन लोगों को कब तक मुफ्त राशन उपलब्ध कराये जाने की योजना है, पूर्ण विवरण दें ?

**अता. 155 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) माडल टाउन क्षेत्र के अन्तर्गत जितनी भी राशन की दुकानें हैं उनके पूर्ण विवरण सहित सूची उपलब्ध कराई जाये;

ख) प्रत्येक दुकान पर कितने–कितने राशनकार्ड धारको को राशन मिलता है, उसकी संख्या कितनी है, सभी कार्डधारको की पूर्ण सूची विवरण के साथ उपलब्ध करायें;

ग) प्रत्येक दुकान पर किस–किस श्रेणी के कितने–कितने कार्डधारक हैं, उनकी सूची पूर्ण विवरण के साथ उपलब्ध कराई जाये; और

घ) माडल टाउन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले लाल बाग इलाके के



कई लोगों का राशन सर्कल–4 में दिये जाने के कारण उनको राशन लेने जहांगीरपुरी जाना पड़ता है, इस समस्या के समाधान के लिए विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

**अता. 156 श्री राज कुमार आनन्द खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पटेल नगर विधान सभा क्षेत्र में कितने राशन कार्ड आवेदन लंबित है;

ख) यह लंबित राशन कार्ड कब तक जारी किए जाएंगे; और

ग) पिछले 3 माह में कितने राशन कार्ड जारी किए गए हैं?

**अता. 157 श्री सौरभ भारद्वाज खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एसी–50, ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 1 जनवरी, 2015 से 30 नवंबर, 2021 की अवधि में जारी किए गए नए राशनकार्डों का संपूर्ण विवरण प्रदान करें। दिनांक 30 नवंबर, 2021 तक की प्रतीक्षासूची भी उपलब्ध कराएँ;

ख) ग्रेटर कैलाश क्षेत्र के विधायक के कार्यालय से खाद्य आपूर्ति विभाग में 1 जनवरी, 2015 से 30 नवंबर 2021 के बीच कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं, इन सभी शिकायतों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएँ;

ग) उक्त शिकायतों के संबंध में की गई कार्रवाई से संबंधित फाइल पर की गई सभी नोटिंग उपलब्ध कराएँ;

घ) एसी–50 में दिनांक 1 जनवरी, 2015 से 30 नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान विभाग द्वारा कराए गए सोशल ऑडिट, आकस्मिक निरीक्षण और घर–घर जाकर किए गए सर्वेक्षण से संबंधित संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;

ङ) विभाग यह कैसे सुनिश्चित करता है कि एसी–50 के अंतर्गत उचित दर दुकानदार अपनी दुकान सभी कार्य–दिवसों में खोल

रहे हैं, कृपया संपूर्ण विवरण दें; और

च) विभाग यह कैसे सुनिश्चित करता है कि उचितदर दुकानदार सभी पात्र व्यक्तियों को राज्य तथा केंद्र का सभी प्रकार का राशन वितरित कर रहा है, विवरण उपलब्ध कराएँ?

**अता. 158 श्री अभय वर्मा खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मुख्यमंत्री राशन योजना क्या है तथा इस योजना के तहत लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में वर्श 2021 में कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं और इस योजना पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है;

ख) भारत सरकार की मुफ़्त राशन योजना के तहत लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र में वर्श 2021 में कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

ग) नया राशन कार्ड बनाने का काम कब से शुरू होगा;

घ) वर्श 2015 से लेकर 2019 तक के आवेदनों को प्रोसेस करके खाद्य एवं संभरण विभाग के मुख्यालय को भेजे गये, आवेदनों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

ङ) लक्ष्मीनगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने राशन कार्डधारी है और नये राशन कार्ड बनाने के लिए कुल कितने रिक्त स्थान है और वे कब तक भरे जायेंगे?

**अता. 159 श्री अजय महावर खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मुख्यमंत्री राशन योजना क्या है तथा इस योजना के तहत घोण्डा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021 में कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं और इस पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है;

ख) भारत सरकार की मुफ़्त में राशन योजना के तहत घोण्डा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021 में कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

ग) नया राशन कार्ड बनाने का काम कब से शुरू होगा;



घ) वर्ष 2015 से लेकर 2019 तक के कितने आवेदनों को प्रोसेस करके खाद्य एवं संभरण विभाग के मुख्यालय को भेजा गया, उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

ङ) घोण्डा विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने राशनकार्डधारी और नये राशन कार्ड बनाने के लिए कुल कितने रिक्त स्थान हैं; और

च) उपरोक्त रिक्त स्थान कब तक भरे जायेंगे?

**अता. 160 श्री मोहन सिंह बिष्ट खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के लोगों को राशन वितरण किस माध्यम से किया जा रहा है;

ख) दिल्ली सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा कितना–कितना राशन वितरण किया जा रहा है;

ग) करावल नगर विधान सभा के अंतर्गत कुल कितनी राशन की दुकानें हैं; और

घ) राशन वितरण में घपलेबाजी रोकने के लिए कितनी राशन की दुकानों में बायोमैट्रिक सिस्टम लगाया गया है और कब–कब इन राशन की दुकानों की जांच–पड़ताल की गयी?

**अता. 161 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या पीडब्ल्यूडी रोड पर समाज कल्याण विभाग द्वारा 'धोबी समाज' के लाभार्थियों को जगह आवंटित की गई है;

ख) यदि हॉ तो क्या इन लाभार्थियों को लाभार्थी पत्र देने का प्रावधान है;

ग) यदि हॉ तो यह लाभार्थी पत्र कब तक प्रदान किये जायेंगे; और

घ) यदि नहीं, तो लाभार्थी पत्र के अभाव में बिजली एवं पानी का कनेक्शन प्रदान नहीं किये जाने के कारण, लोगों को होने वाली समस्याओं के निवारण के लिए विभाग की क्या योजना है तथा यह कब तक लागू होगी?

**अता. 162 श्री शोएब इक़बाल** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विगत तीन वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान रोक दिया गया है, इसके क्या कारण हैं;

ख) क्या कारण है कि पहले की भाँति क़ाज़ी द्वारा जारी मुस्लिम तलाकनामा के आधार पर तलाक पेंशन का भुगतान न करके उसके स्थान पर न्यायालय द्वारा जारी तलाक के दस्तावेज माँगे जा रहे हैं, जिसके कारण तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को परेशानी हो रही है; और

ग) 'ऑरफन पेंशन' के लिए पेंशन कार्यालय द्वारा अनाथ के नाम पर राशनकार्ड की माँग की जाती है, जो आसानी से उपलब्ध नहीं होते। इस समस्या के समाधान हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**अता. 163 श्री विजेन्द्र गुप्ता** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) रोहिणी विधान सभा में बुजुर्ग पेंशन लाभार्थी की मृत्यु के कारण कितने स्थान रिक्त हुए हैं तथा उन रिक्त स्थानों पर दिल्ली सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन कब से प्रारंभ किए जाएंगे;

ख) क्या दिल्ली सरकार ने वृद्ध कल्याण हेतु कोई अन्य योजना वृद्ध जनों को समर्पित की है;

ग) यदि हां तो पूर्ण विवरण दें;

घ) मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का क्या मानदण्ड है, स्पष्ट करें। दिल्ली की सेवा बस्तियों से कितने बुजुर्गों का तीर्थ स्थानों पर जाने के लिए आज तक पंजीकरण किया गया है;

ड.) दिल्ली सरकार द्वारा संचालित कितने वृद्धा आश्रम है तथा क्या उनमें रहने वाले बुजुर्गों को मुख्यमंत्री यात्रा योजना के अंतर्गत कोई तीर्थ यात्रा कराई गई है; और

च) क्या दिल्ली सरकार द्वारा बुजुर्गों की उचित देखभाल के लिए एक मुश्त राशि या विशेष पेंशन की कोई योजना है?



**अता. 164 श्री राम सिंह बिधूड़ी** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में बुजुर्गों को मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन की आवेदन–प्रक्रिया कब से बंद है;

ख) वृद्धावस्था पेंशन की यह आवेदन–प्रक्रिया पुनः कब तक शुरू हो पाएगी ;

ग) दिल्ली में इस समय यह वृद्धावस्था पेंशन कितने लोगों को दी जा रही है;

घ) वृद्धावस्था पेंशन पा रहे सभी बुजुर्गों का विधानसभा क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है ; और

ङ) ऐसे कितने नए आवेदक हैं जिनके आवेदन करने के पश्चात उन्हें अभी तक पेंशन मिलनी आरंभ नहीं हुई है?

**अता. 165 श्री गुलाब सिंह** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या पिछले कई वर्षों से बंद बुढ़ापा पैंशन पुनः चालू करने की सरकार की कोई योजना है; और

ख) यदि हॉ, तो कब तक, पूरी जानकारी दी जाए?

**अता. 166 श्री सौरभ भारद्वाज** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एसी–50, ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 1 जनवरी, 2019 से 30 नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान विभाग में प्राप्त पेंशन से संबंधित सभी शिकायतों की प्रतिलिपि उपलब्ध कराएँ। इन शिकायतों के समाधान से संबंधित फाइलों पर की गई नोटिंग भी उपलब्ध कराएँ;

ख) एसी–50 के लिए पेंशन का आवंटित कोटा क्या है, इस कोटे से पेंशन के कितने मामले प्रक्रियागत हैं, कृपया इससे लाभान्वितों के नाम, पते और फोन नंबर उपलब्ध कराएँ;

ग) इस प्रकार की शिकायतें थीं कि ग़लत मैपिंग के कारण एसी–50

के कोटे का प्रयोग किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र द्वारा किया गया है, इस संबंध में विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई और इसके समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए;

घ) लाजपत नगर पेंशन कार्यालय में कुछ संविदात्मक कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था, विभाग द्वारा इस संबंध में स्थाई कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

ङ) लाजपत नगर पेंशन कार्यालय में लगातार कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायतें मिल रही हैं, इस संबंध विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**अता. 167 श्री महेन्द्र यादव समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या विधवा, विकलांगता व वृद्ध पेंशन से जुड़ी समस्याओं व शिकायतों के निवारण के लिए विभाग की कोई विशेष हेल्पलाइन चलाई जाती है;

ख) क्या सरकार पेंशन लाभार्थियों की शिकायतों के समयबद्ध निपटारे हेतु कोई विशेष पोर्टल या ऑनलाइन करने की सरकार की कोई योजना है;

ग) यदि हां, तो कब तक; और

घ) यदि नहीं, तो शिकायत निवारण की वर्तमान में क्या व्यवस्था है तथा भविष्य के लिए सरकार की क्या योजना है?

**अता. 168 श्री राजेश गुप्ता समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि वजीरपुर विधान सभा क्षेत्र में वृद्धावस्था पेंशन सुचारू रूप से नहीं मिल रही है; और

ख) यदि हॉ, तो इस पेंशन को सुचारू रूप से चालू करने के लिए विभाग द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे है?

**अता. 169 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः



क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में वृद्धावस्था पेंशन के आवेदनों को बंद हुए अब दो साल से अधिक समय हो गया है; और

ख) यदि हॉ, तो विभाग की इन आवेदनों को कब खोलने की योजना है ?

**अता. 170 श्री विजेन्द्र गुप्ता आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) शराब की सरकारी दुकानों को प्राइवेट कंपनियों को सौंपने के पीछे दिल्ली सरकार का उद्देश्य क्या है, स्पष्ट करें;

ख) दिल्ली रिहायशी इलाकों में नई शराब की दुकानें खोलने से महिलाओं और बच्चों को होने वाली परेशानी को दूर करने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं;

ग) क्या दिल्ली सरकार ने आवासीय क्षेत्रों में शराब की नई दुकानें खोलने से पूर्व वहां की आवासीय कल्याण समितियों तथा महिला संगठनों से कोई अनुमति ली है;

घ) यदि हां तो अनुमति कांपी प्रस्तुत करें और यदि नही ली गई तो कारण बताएं;

ङ) क्या पिंक शराब की दुकानें खोलकर दिल्ली सरकार महिला सुरक्षा की राह बना रही है; और

च) यदि हां तो किस प्रकार, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 171 श्री एस.के. बग्गा आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 में एमसीडी वार्ड नं. 21ई, 22ई, 23ई एवं 24ई में कितने लोगों को शराब के ठेके आवंटित किए गए हैं;

ख) कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 के चारों वार्ड में स्थित सभी शराब के ठेकाधारियों का पूर्ण विवरण दें;

ग) उक्त शराब के ठेकों के लाइसेंस कितने समय के लिए दिए गए हैं;

घ) क्या शराब की दुकानें नियमानुसार आवंटित की गयी हैं; और

ङ) मेरे द्वारा की गयी 5 शिकायतों क्रमशः शॉप नंबर 54, 55, 56 खुरेजी खास, दिल्ली–110051, शॉप नंबर 12ए, इंद्रा पार्क, दिल्ली–110051, शॉप नंबर सी 9/10, कृष्णा नगर, दिल्ली–110051, शॉप नंबर 11/51 व 52, गीता कालोनी, दिल्ली–110031, शॉप नंबर 412सी, झील खुरेजी, दिल्ली–110051 की वर्तमान स्थिति क्या है?

**अता. 172 श्री अजय दत्त आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या अम्बेडकर नगर विधान सभा में खोली गयी शराब की नयी दुकान नंबर 19/553डीडीए फ्लैट मदनगीर और विराट सिनेमा मदनगीर कमर्शियल कम्प्लेक्स, नोटिफाई प्रापर्टी है;

ख) इन दुकानों का साइज क्या है और मंदिर इन दुकानों से कितनी दूर है, पूरा ब्यौरा दिया जाए;

ग) क्या इन दुकानों को खोलने से पहले एक्साईज विभाग ने सभी सरकारी मापदंडों को ध्यान में रखा है;

घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, पूर्ण विवरण दें;

ड.) क्या रिसेटलमेंट और अनऑथोराइज्ड कॉलोनी में शराब की रिटेल दुकान खोलने की अनुमति दी जा सकती है, पूर्ण विवरण दें;

च) यदि हां, तो दुकान खोलने के लिए न्यूनतम कितना क्षेत्रफल अनिवार्य है, पूर्ण ब्यौरा दें; और

छ) अम्बेडकर नगर विधान सभा में आबकारी विभाग द्वारा कितनी शराब की दुकानों को रिटेल लाइसेंस दिए गए हैं, पूर्ण विवरण दें?

**अतां0–173 श्री अजय महावर आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के अन्दर नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर शराब के ठेके खोलने की अनुमति है या नहीं। यदि नहीं, तो हाईवे के



कितने मीटर अन्दर तक खोले जा सकते हैं;

ख) गली मोहल्ले में खुलने वाले शराब के ठेके आर.डब्ल्यू.ए. एवं महिलाओं के विरोध करने पर भी क्या खोले जा सकते हैं। यदि हां, तो बतायें कि जनता के विरोध का पैमाना क्या है जिससे शराब के ठेके न खोले जा सकें;

ग) क्या किसी भी मोहल्ला सभा या ग्राम सभा से इस विषय में पूछकर ठेके खोले गये हैं;

घ) क्या दिल्ली में महिलाओं के लिए पिंक ठेके खोले जा रहे हैं, मापदंडों सहित पूर्ण विवरण दें;

ङ) क्या शराब के ठेके खोलने की समय सीमा देर रात्रि तक बढ़ाई गई है एवं युवाओं के शराब पीने की उम्र घटाई गई है; और

च) क्या यह शराब के ठेके मास्टर प्लॉन–2021, Mixed Use Regulation के नियमों को ध्यान में रख कर खोले जा रहे हैं?

**अता. 174 श्री मोहन सिंह बिष्ट आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के अंदर आज दिन तक कुल कितनी शराब की नई दुकानें खोली गई हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में नई शराब की दुकान खोलने से पहले नियम संबंधी औपचारिकताओं की अनदेखी की जा रही है;

ग) यदि नहीं, तो 15–20 फीट के रोड पर शराब की दुकान खोले जाने के क्या कारण हैं;

घ) शराब की दुकानों का कमर्शियल होना अनिवार्य न किए जाने तथा इन जमीन के मालिकों से कमर्शियल तथा पार्किंग शुल्क न लिए जाने के क्या कारण हैं ; और

ड.) जो शराब की दुकानें नियम और कायदे के अनुसार नहीं खोली जा रही हैं इनको बंद करने के लिए सरकार क्या योजना है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 175 श्री ओमप्रकाश शर्मा** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में आनंद विहार एवं कनॉट प्लेस में जो स्मॉग–टॉवर लगाए गए हैं, उन पर कितनी धनराशि खर्च की गई,

ख) यह धनराशि किस विभाग द्वारा खर्च की गई,

ग) क्या ये स्मॉग–टॉवर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, और

घ) इन स्मॉग–टॉवरों के विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार पर कितनी धनराशि खर्च की गई?

**अता. 176. श्रीमती बंदना कुमारी** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एमसीडी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर पेड़ों के संरक्षण व रख–रखाव को लेकर इन विभागों की क्या कार्यनीति है;

ख) पिछले 5 वर्षों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर उपरोक्त तीनों संस्थाओं ने क्या कदम उठाए हैं;

ग) पेड़ों के ठीक से रख–रखाव व संरक्षण के संबंध में विभाग की क्या कार्यनीति है; और

घ) पेड़ों के ठीक से रख–रखाव न होने तथा उनके गिरने की स्थिति में होने वाले जानमाल के नुकसान की भरपाई व उसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के संबंध में विभाग की क्या कार्यनीति है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 177 श्री महेन्द्र गोयल** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले दिनों दिल्ली में प्रदुषण स्तर बढ़ने का मुख्य कारण क्या था;

ख) क्या पड़ोसी राज्यों के पराली जलाने से प्रदुषण की मात्रा हर वर्ष अधिक होती है, दिल्ली में कुल प्रदूषण का कितना प्रतिशत पड़ोसी राज्यों के कारण होता है;



ग) पिछले 4 वर्षों में पड़ोसी राज्यों से बढ़ने वाले प्रदुषण की औसत क्या मात्रा रही, वर्षवार विवरण दें ;

घ) पड़ोसी राज्यों को पराली जलाने से रोकने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं;

ङ) क्या यह सत्य है कि प्रदुषण के नाम पर छोटे एवं मंझोले व्यापारियों के मनमाने चालान काटे जा रहे हैं, यदि हां तो इस संबंध में क्या कार्यनीति है; और

च) पिछले एक वर्ष में NGT द्वारा दिल्ली तथा पड़ोसी राज्यों के छोटे व मंझोले व्यापारियों के कितने चालन किए गए/नोटिस दिए गए, अलग–अलग पूर्ण विवरण दें?

**अता. 178 श्री अजय महावर** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पर्यावरण सैस से अब तक दिल्ली सरकार को कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ है और इसमें से किस–किस मद में कितनी–कितनी धनराशि खर्च की गई है;

ख) शेष राजस्व को भविष्य में खर्च करने की क्या योजनायें हैं;

ग) घोण्डा विधान सभा क्षेत्र में पर्यावरण सैस से किस किस मद में कितनी कितनी धनराशि खर्च की गयी और पर्यावरण को लेकर सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

घ) घोण्डा विधान सभा क्षेत्र में यमुना खादर पर वन के विकास के लिए अब तक क्या कदम उठाये गये हैं और भविष्य में क्या योजनायें हैं; और

ङ) इस वन में कितने वन्य जीव जन्तु हैं, पूरा विवरण दें?

**अता. 179 श्री प्रवीण कुमार** **सहकारिता**

क्या माननीय सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) 2018 से अब तक दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक में सदस्यता को लेकर कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और उन पर जो कार्रवाई की गयी उसका विवरण एवं फाईलों की सत्यापित कॉपी दें;

ख) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक 17.10.2021 को हुए चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा कितना खर्चा किया गया, उन सभी का अलग–अलग मदों में ब्यौरा दें; एवं

ग) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक में डी0सी0एस0एक्ट 2003 के तहत कितनी जांचे चल रही हैं;

घ) u/s 61, 62, 66(1), 66(2), 60 एवं रूल 80, 121, 118 के तहत सभी की शिकायतें कब की गयी, इसकी तिथि व वर्तमान स्टेटस सहित पूर्ण विवरण दे; और

ड.) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक के सीईओ द्वारा निदेशक मंडल में भ्रष्टाचार की रजिस्ट्रार कार्यालय में की गयी शिकायत पर क्या कार्रवाई की गयी, पूर्ण जानकारी दें?

**अता. 180 श्री प्रवीण कुमार सहकारिता**

क्या माननीय सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड का वर्तमान में कितना एन0पी0ए0 है तथा 31.11.2021 तक यह कुल कितने घाटे में चल रहा है, पूर्ण विवरण दे;

ख) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड में 17.10.2021 से अभी तक कितनी भर्तियां बैंक ने की है, पूर्ण विवरण दें;

ग) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड ने विगत 5 वर्षों में लीगल पर कितना खर्च किया है, पूर्ण विवरण दें;

घ) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड में कम्प्यूटर हार्डवेयर, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर पर पिछले 50 वर्षों में जो खर्चा किया है, उसका विवरण दें;

ङ) वर्ष 2018 से अब तक दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड में फर्जी लोन, फर्जी सदस्यता के सन्दर्भ में कितने सांसद, विधायक, बैंक के डाइरेक्टर, बैंक के सदस्यों ने शिकायतें की हैं एवं उन शिकायतों पर की गयी कार्रवाई का पूर्ण विवरण दें; और

च) विभाग द्वारा विगत 5 वर्षों में डीसीएस एक्ट 2003 की धारा 138 के अन्तर्गत कितने आदेश दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को दिये गये व इनमें से कितनों का पालन किया गया एवं कितने आदेशों का पालन नहीं किया गया, आदेशों का पालन न करने वालों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी; पूर्ण विवरण दें?



**अता. 181 श्री अब्दुल रहमान सहकारिता**

क्या माननीय सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) राजेन्द्र ग्रुप हाउसिंग सोसाएटी में व्याप्त भ्रष्टाचार के संदर्भ में विगत 5 वर्षों में हुई शिकायत, उसकी जांच रिपोर्ट का वर्तमान स्टेट्स एवं इसकी जांच में हुई देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सूची सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) दिल्ली स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक में भ्रष्टाचार की विगत 5 वर्षों में कितनी शिकायत विभाग को प्राप्त हुई एवं उस पर की गई कार्यवाही की सभी फाईलों की कॉपी एवं यदि कार्यवाही नहीं हुई तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सूची सहित पूर्ण विवरण दें;

ग) दिल्ली स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक में विगत 5 वर्षों में कितनी भर्ती की गई उस पर क्या प्रक्रिया अपनाई गई एवं विभाग की क्या भूमिका है पूर्ण विवरण दें;

घ) दिल्ली स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक में सरकार का कितना शेयर है एवं इस शेयर में निरन्तर कम होने के क्या कारण हैं;

ङ) सरकार के द्वारा नोमनी निदेशक की नियुक्त ना होने के कारण व इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सूची सहित पूर्ण विवरण दें; और

च) पूर्व निदेशक मंडल पर भ्रष्टाचार के मामलों संबंधित जांच का पूर्ण विवरण दें तथा जांच में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का पूर्ण विवरण दें?

**अता. 182 श्री सुरेंद्र कुमार महिला एवं बाल विकास**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुरी विधान सभा में आज तक चालू की गयी पेंशनों (वृद्ध, विकलांग, विधवा, तलाकशुदा) का विवरण क्या है, सूची दें;

ख) लंबित पेंशनों की सूची दें;

ग) एसी–68 में आज तक कितनी विधवाओं को आर्थिक सहयोग दिया गया और कितने लंबित है, सूची दे;

घ) एसी–68 में आज तक कितनी विधवाओं की बेटी की शादी में मदद की गयी है और कितने लंबित हैं, सूची दें; और

ङ) एसी–68 में आज तक कितनी तलाकशुदा महिलाओं को पेंशन मिलती है और कितने लंबित है, सूची दें?

**अता. 183 श्री नरेश यादव महिला एवं बाल विकास**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या वर्तमान में गरीब परिवारों की बेटियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता की सरकार की कोई योजना है;

ख) यदि हॉ, तो उसका विवरण क्या हैं; और

ग) यदि नहीं, तो क्या भविष्य में सरकार की ऐसी कोई योजना लाने का कोई प्रस्ताव है?

**अता. 184 श्री सुरेंद्र कुमार ` चुनाव**

क्या माननीय चुनाव मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि गोकलपुर विधान सभा में चुनाव कार्यालय के लिए बैंक कॉलोनी रोड पर जमीन सुनिश्चित की गयी थी;

ख) यदि हां, तो इस पर अब तक कार्यालय का निर्माण न किए जाने के क्या कारण है; और

ग) गोकलपुर विधान सभा में प्रस्तावित चुनाव कार्यालय का निर्माण कब तक कर दिया जाएगा?

**अता. 185 श्री मोहन सिंह बिष्ट चुनाव**

क्या माननीय चुनाव मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) चुनाव संबंधित कामों को देखने के लिए कुल कितने एआरओ पूर्णकालिक काम कर रहे हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि अधिकतर चुनाव कार्यों की देखरेख के लिए अन्य विभागों से एआरओ लगाए गए हैं जिसके कारण लोगों को वोट व पहचान–पत्र बनवाने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है; और

ग) यदि नहीं, तो करावल नगर विधान सभा में लोगों के पहचान पत्र न बनाए जाने अथवा देरी से बनने के क्या कारण हैं?



**अता. 186 श्री मोहन सिंह बिष्ट चुनाव**

क्या माननीय चुनाव मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अधिकतर क्षेत्र उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं;

ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर के अंतर्गत आने वाले गांव बदरपुर खादर, चौहान पट्टी, सभापुर गांव, मिलन गार्डन, सोनिया विहार, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, प्रकाश विहार, अंकुर इन्क्लेव और कमल विहार में अधिकतर वोट उत्तर प्रदेश में रहने वालों के बने हैं;

ग) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली में सरकारी सुविध ााओं के लिए चुनाव के समय में अधिकतर वोट दिल्ली में डाले जाते हैं; और

घ) यदि हां, तो बॉर्डर का फायदा उठाकर दिल्ली के जो वोट बनाये गए हैं इनको कब तक चिन्हित् कर वोटर लिस्ट से उनका नाम काटा जाएगा?

**अता. 187 श्री राम सिंह बिधूड़ी सूचना एवं प्रचार**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पराली से खाद बनाने हेतु दिल्ली सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में बॉयो–डीकम्पोजर सॉल्यूशन खरीदने के लिए कितनी धनराशि खर्च की गई;

ख) वर्ष 2021–22 में अभी तक दिल्ली के कितने किसानों को इसका लाभ मिला है;

ग) इस योजना के मीडिया में प्रचार–प्रसार हेतु विज्ञापनों एवं अन्य संबंधित कार्यों पर दिल्ली सरकार द्वारा अब तक कुल कितनी ध नराशि खर्च की गई है ; और

घ) उसका पूरा ब्यौरा क्या है?

**अता. 188 श्री अनिल कुमार बाजपेयी सूचना एवं प्रचार**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार ने किस–किस सरकारी विभाग से सरकारी

विज्ञापन के लिए कितना–कितना पैसा खर्च किया है;और

ख) वर्ष 2015 से अभी तक उसका वर्षवार पूरा ब्यौरा देने की कृपा करें?

**अता. 189 श्री ओम प्रकाश शर्मा पर्यटन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) रोड़ नंबर 68 नत्थू कॉलोनी फ्लाईओवर के मरम्मत का कार्य कब तक पूरा कर लिया जायेगा;

ख) संबंधित ठेकेदार और अन्य लोगों पर निर्माण संबंधित अनियमिततायें पाये जाने पर क्या कार्यवाही की गई;

ग) डीटीडीसी का परफॉर्मेंस ऑडिट कब तक का किया गया है तथा भविष्य में आगे कब तक का कर दिया जायेगा; और

घ) DTDC द्वारा गैमन इंडिया को निर्माण और मरम्मत से संबंधित कितने ठेके प्रदान किए गए तथा इससे संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और उनमें से कितनी शिकायतों का निवारण कर दिया गया है?

**अता. 190 श्री राजेश ऋषि कला एव संस्कृति**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि जनकपुरी विधान सभा में जनकपुरी कम्युनिटी सेंटर में कला एवं संस्कृति विभाग का एक थियेटर है;

ख) यदि हां, तो इस थियेटर के बहुत दिनों से बंद रहने के क्या कारण है;

ग) यह कब तक रिपेयर करके शुरू किया जाएगा;

घ) क्या यह सत्य है कि जनकपुरी विधान सभा में जनकपुरी क्लब, कला एवं संस्कृति विभाग की जमीन पर बनाया गया है; और

ङ) यदि हां, तो यह जमीन कब तक विभाग द्वारा खाली कराई जाएगी?



**अता. 191 श्री एस.के. बग्गा व्यापार एवं कर**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वैट पीरियड वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18(प्रथम तिमाही) कितनी असेसमेंट एक्स–पार्टी की गयी है व कितना टैक्स वसूल किया गया है;

ख) वैट पीरियड वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18(प्रथम तिमाही) में कितनी अपील पेंडिंग हैं, कितना टैक्स/इंटरस्ट इन्वाल्व्ड है;

ग) वैट पीरियड के अन्तर्गत कितने व्यापारियों ने डीवैट–41 फाईल किए हैं, पार्टीवाइज, इयरवाइज, जोनवाइज विवरण प्रदान करें;

घ) अंडर जीएसटी एक्ट कितने व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन एप्लीकेशन कैंसिल किए गए हैं, किस कारण कैसिंल किए गए है, जोनवाइज विवरण दें; और

ड.) इंफोर्समेंट–1 एवं 2 के अन्तर्गत वर्श 2020–21 व 2021–22 में कितना टैक्स/पेनल्टी वसूल की गयी है, जोनवाइज विवरण दें?

**अता. 192 श्री भूपिंदर सिंह जून वित्त**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या गाँव शाहबाद मोहम्मदपुर के पास दिल्ली रिवाड़ी सेक्शन पर लेवल–क्रॉसिंग नंबर 17 पर क्या रेल ओवर ब्रिज बनाने का कोई प्रस्ताव है;

ख) क्या उक्त रेल ओवर ब्रिज की स्वीकृति भारतीय रेलवे द्वारा वर्ष 2020–21 में दिल्ली सरकार के साथ लागत साझा करने के आध ाार पर दी गई थी;

ग) क्या रा.रा.क्षे.दि.सरकार ने अपने हिस्से की राशि का भुगतान भारतीय रेलवे को कर दिया है; और

घ) क्या उक्त रेल ओवर ब्रिज के संबंध में दिल्ली सरकार की स्वीकृति अभी तक लंबित है, यदि हाँ तो उसके क्या कारण हैं?

**अता. 193 श्री राजेश ऋषि** **सेवाएं**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार के अंतर्गत कितने विभाग आते हैं, प्रशासनिक अधिकारियों की सूची सहित पूर्ण विवरण दें; और

ख) दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले विभागों के कर्मचारियों का विभाग वार विवरण, पिछले तीन सालों की वार्षिक आय एवं खर्च का विवरण दें?

**अता. 194 श्री अनिल कुमार बाजपेयी** **सेवाएं**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2014 से 2020 तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार कितने लोग बेरोजगार हैं;

ख) पिछले पांच वर्षों में कितने अनुबंधरत कर्मचारियों को सरकारी विभागों में पक्का कर दिया गया है, विवरण दें;

ग) सरकार के तथा उसके अंतर्गत किन किन विभागों में पिछले 6 वर्षों से पद खाली पड़े हैं और उन पदों को भरने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए;

घ) पिछले पांच वर्षो में कितने लोगों को एडवाइजर तथा कंसलटेंट के पदों पर नियुक्ति की गई है उन पर आने वाले खर्च का विभागवार विवरण दें;

ङ) उपरोक्त एडवाइजर और कंसलटेंट के पदों पर भर्ती के लिए क्या कोई विज्ञापन दिया गया था; और

च) यदि हां तो उसकी नियुक्ति संबंधित प्रक्रिया का पूर्ण विवरण प्रदान करें?

**अता. 195 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **सेवाएं**

क्या माननीय उप–मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार के प्रत्येक विभाग में स्वीकृत पदों की कितनी रिक्तियां हैं;

ख) ये पद कब स्वीकृत किए गए एवं कब से रिक्त पड़े हैं; और

ग) सरकार द्वारा इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?



**अता. 196 श्री मुकेश अहलावत** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम में अनेक औषधालय/चेस्ट क्लीनिक ऐसे हैं जहाँ एमएस/एमडी/सर्जन/डिप्लोमा धारक डॉक्टर अकारण ही तैनात हैं जबकि आरबीआईपीएमटी में कोई सर्जन उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो इसका संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;

ख) क्या यह सत्य है कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत सर्जन विगत अनेक वर्षों से चेस्ट क्लीनिक में तैनात हैं, यदि हाँ, तो इनका पूर्ण विवरण दें;

ग) औषधालयों, चेस्ट क्लीनिकों, आयुर्वेदिक औषधालयों, आयुर्वेदिक अस्पताल हैदरपुर व पॉलीक्लीनिकों में भरपूर स्टाफ नर्सें व वार्ड बॉयज़ हैं, जबकि उनके उद्घाटन से अब तक वहाँ एक भी रोगी का एडमीशन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ; और

घ) क्या यह सत्य है कि कोविड काल में चिकित्सकीय आपात्काल के दौरान उत्तरी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत उपर्युक्त प्रशिक्षित स्टाफ अकर्मण्य बैठा रहा; यदि हाँ, तो इसका पूर्ण विवरण दें?

**राज कुमार**

**सचिव**